कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 324, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 20 दिसंबर 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

गांधी, बोस, पटेल, अंबेडकर सबने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली थी: राहुल

'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलूंगा'

अलवर: राजस्थान में अलवर के मालाखेड़ा में सोमवार को राहुल गांधी ने सभा में कहा- मुझे भाजपा वाले बुरे नहीं लगते। मैं रास्ते में जाता हूं तो इशारा करके पूछते हैं कि क्या कर रहे हो? मैं उन्हें जवाब देना चाहता हूं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं। आइए आप भी बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलिए। महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, अंबेडकर सबने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली थी। राहुल ने कहा कि गरीबों के लिए सबसे बेहतर स्कीम राजस्थान में है। राजस्थान से पहले के राज्य में लोग कहते थे कि हमें किडनी ट्रांसप्लांट करवाना है, पैसा नहीं है। राजस्थान में ऐसा नहीं होता। कल दो लोग मिले। उनसे मैंने उनके इलाज के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि मुफ्त में हुआ। चिरंजीवी योजना ने लाखों लोगों का दर्द मिटाया है, इसे पूरे देश में लागू करना चाहिए।

राजस्थान के हर बच्चे को अंग्रेजी पढ़ने का अवसर मिलना चाहिए: अमित शाह से लेकर सारे भाजपा नेताओं के बच्चे अंग्रेजी मीडियम स्कूल में जाते हैं और भाषण देते हैं कि अंग्रेजी मत सीखो। वे नहीं चाहते कि गरीब अंग्रेजी सीखें। वे नहीं चाहते कि आप बड़े सपने देखो। मजदूरी से बाहर निकलो। मैं यह नहीं कर रहा हूं कि हिंदी नहीं पढ़नी चाहिए। हिंदुस्तान की सब भाषाएं पढ़नी चाहिए, लेकिन अमेरिका, इंग्लैंड, जापान सहित बाकी दुनिया से बात करने के लिए हिंदी काम नहीं आएगी, अंग्रेजी ही काम आएगी। इसीलिए राजस्थान में 1700 अंग्रेजी मीडियम स्कूल शुरू किए गए हैं, लेकिन यह कम है। राजस्थान के हर बच्चे को अंग्रेजी पढ़ने का अवसर मिलना चाहिए।

गहलोत सरकार की आलोचना भी की: राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा में एक रस्सी है, जिसके अंदर सारे सीनियर नेता रहते हैं। रस्सी के बाहर लोकल नेता रहते हैं। इस रस्सी को तोड़ना पड़ेगा। इसका मतलब है कि हमारे कार्यकर्ता, हमारे लोकल नेताओं की आवाज सरकार और उसके ऑफिस में सुनाई देनी चाहिए और उससे भी जरूरी है कि राजस्थान के आम आदमी की आवाज हर सरकारी ऑफिस में सुनी जानी चाहिए। हम साढ़े तीन हजार किमी चल रहे हैं। चलने से शरीर की कई बीमारियों का इलाज हो जाता है। राजस्थान की पूरी कैबिनेट राजस्थान की सड़कों पर हर महीने में एक बार 15 किमी चलें। लोग मिलेंगे तो इससे उनकी समस्या खत्म हो जाएगी। मंत्री जब पैदल चलेंगे तो आदमी छुप नहीं सकता।

इससे कांग्रेस पार्टी, राजस्थान और सभी लोगों का फायदा होगा। हमारे आदिवासी भाई-बहनों को ट्राइबल बिल में जो हक दिया गया है।

गहलोत-पायलट को नसीहत- एक होकर काम करें

राजस्थान में गुटबाजी पर खड़गे ने कहा- अध्यक्ष होने के नाते कह रहा हूं कि एक होकर काम करेंगे तो कोई आपको हरा नहीं पाएगा। पार्टी के नेता इसे मजबूत रखें। गहलोत जनवरी में पेश करेंगे बजट: सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की कि हम एक कैटेगरी बना रहे हैं। इस कैटेगरी के लोगों को एक हजार 50 रुपए का घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में देंगे। सिलेंडर अप्रैल से राज्य में मिलेगा। अगले महीने हम बजट पेश करेंगे, उसमें रसोई से महंगाई का बोझ कम करने के लिए किट बांटने की योजना लाएंगे। उन्होंने कहा- पहले इनकम टैक्स, ईडी से लोग डरते थे, अब ये खुद डरे हुए हैं। देश में लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हो गई है। राहुल गांधी एक मकसद लेकर चले हैं। आजादी के बाद यह पहली भारत जोड़ो यात्रा है। पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है।

देश में लोगों को बांटा जा रहा: खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने भाजपा और भाजपा के नेताओं पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को डराने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हम नहीं डरेंगे। इस पार्टी के लोगों ने देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर किए हैं। आजादी के बाद इंदिरा गांधी, राजीव गांधी ने देश के लिए जान दी, क्या देश के लिए भाजपा नेताओं के घर में कुत्ता भी मरा है। कांग्रेस कुछ भी बोले तो वे देशद्रोही कहते हैं। खड़गे ने कहा- देश में लोगों को बांटा जा रहा है। संसद में चीन के मुद्दे पर चर्चा करने से सरकार भाग रही है। संविधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। खड़गे ने कहा कि 30 लाख नौकरियां पूरे देश में खाली हैं, लेकिन केंद्र सरकार भर्ती नहीं कर रही है। भाजपा सरकार चंद लोगों को और अमीर बनाने की कोशिश कर ही है और गरीबों को परेशान कर रही है।

यात्रा ने रिकॉर्ड तोड़े: पायलट

सचिन पायलट ने कहा- राहुल गांधी की यात्रा जिस संकल्प के साथ चली है,उसे मैं सलाम करता हूं। यात्रा ने जोड़ने का काम किया है। कुछ लोगों को यह यात्रा रास नहीं आ रही है। चार दिसंबर को कमलनाथ ने चुनौती दी थी।

तवांग: संसद में हंगामा जारी

नई दिल्ली: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि विपक्ष एक "अवरोधक" की तरह व्यवहार कर रहा है जो संसद के कामकाज में नियमों और विनियमों में विश्वास नहीं करता है। राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पीयूष गोयल ने कहा, "आज राज्यसभा में, हमने विपक्षी दलों से हताशा और मर्यादा की पूर्ण अनुपस्थिति देखी। उनकी हताशा एक ऐसे स्तर पर पहुंच गई, जहां वे संसद के कामकाज में कोई नियम और कानून पर विश्वास भी नहीं करते।" "गोयल ने कहा, "वे अध्यक्ष के फैसलों और टिप्पणियों को भी नकार रहे हैं। दुर्भाग्य से, विपक्ष एक बाधावादी और विनाशकारी व्यवहार कर रहा है।"

विपक्ष में सेना पर विश्वास की कमी को दर्शाता है: केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राज्यसभा से विपक्ष का हालिया बयान सेना में उनके "विश्वास की कमी" को दशार्ता है। उन्होंने कहा, "यह सेना में उनके विश्वास की पूर्ण कमी को दशार्ता है जो सशस्त्र बल का मनोबल गिरा रहा है। यह देश के सर्वोत्तम हित में है कि विपक्ष सुरक्षा के संवेदनशील मामलों और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए संसद के सुचारू कामकाज की अनुमति दें। उन्होंने आगे विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस से सीमा पर सेना और जवानों का सम्मान करने की अपेक्षा व्यक्त की।

नगर निकाय चुनाव के लिए सपा ने बदली रणनीति

लखनऊ: उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में हलचल तेज हो गई है। 20 दिसंबर के बाद कभी भी चुनाव का एलान हो सकता है। 20 तक इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर रोक लगाई है। इस बार का मुख्य मुकाबला सत्ताधारी भाजपा और मुख्य विपक्षी दल समाजवादी के बीच बताया जा रहा है। सपा ने चुनाव के लिए अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। आइए जानते हैं नगर निकाय चुनाव में किस रणनीति के साथ उतरने को तैयार है समाजवादी पार्टी? आखिलेश यादव इसके लिए क्या कर रहे हैं?

क्या है समाजवादी पार्टी की रणनीति ?: 'इस बार विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी जीत के लिए काफी आश्वस्त थी। इसके लिए पार्टी ने जातीय समीकरण मजबूत किया था।

'अपने जवानों का अपमान नहीं करना चाहिए'

नई दिल्ली: देश के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि राजनीतिक आलोचनाओं का हमेशा स्वागत है, लेकिन हमें अपने जवानों का अपमान नहीं करना चाहिए। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, एस जयशंकर ने कहा, 'मैंने सुना है कि विदेश मंत्री के तौर पर मुझे अपनी समझ को और गहरा करने की जरूरत है। गौरतलब है कि जो नेता मुझे यह सलाह दे रहे हैं, उस नेता के सम्मान में मैं नतमस्तक ही हो सकता हूं।'

राहुल गांधी ने एस जयशंकर पर किया था हमला: दरअसल, कुछ दिनों पहले भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे हो जाने के मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संवाददाता सम्मेलन में तावांग में हुए चीनी और भारतीय सेना के बीच झड़प के मामले पर एस जयशंकर को अपनी समझ और बढ़ाने की बात कही थी।

अरुणाचल में फ्रंटियर हाईवे बनेगा

नई दिल्ली: अरुणाचल प्रदेश में केंद्र सरकार फ्रंटियर हाईवे बनाएगी। ये अगले पांच साल में तैयार होगा। तिब्बत-चीन-म्यांमार से सटी भारतीय सीमा के काफी करीब इस हाईवे के निर्माण से सेना के मूवमेंट में आसानी होगी। कई रिपोर्ट्स में सरकार के अफसरों के हवाले से बताया जा रहा है कि हाईवे का नाम एनएच-913 होगा और इसकी लंबाई 1748 किमी. होगी। रोड ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री इसे बनाएगी और इसका फोकस बॉर्डर एरिया से लोगों का पलायन रोकना है।

तिब्बत और चीन सीमा के करीबी पॉइंट्स से गुजरेगा,

लागत 27 हजार करोड़: ये हाईवे बोमडिला से शुरू होगा। जो नाफ्रा, हुरी और मोनीगॉन्ग पास से गुजरेगा। ये 3 पॉइंट्स इंडिया-तिब्बत बॉर्डर के काफी करीब हैं। चीन सीमा के करीब जिडो और चेनक्वेंटी स्थित पॉइंट्स से भी जाएगा। यह इंडिया-म्यांमार बॉर्डर के पास विजयनगर में खत्म होगा। इस पूरे हाईवे को 9 पैकेज में बांटा जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर नितिन गडकरी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की कीमत 27 हजार करोड़ होगी।

इलाहाबाद विवि: सुरक्षा गार्डों से विवाद के बाद फायरिंग, कई छात्र घायल

प्रयागराज: इलाहाबाद विश्वविद्याल में छात्रों और सुरक्षा गार्डों के बीच विवाद के बाद कई राउंड फायरिंग की गई, जिसमें कई छात्र घायल हो गए। छात्रनेता विवेकानंद पाठक का सिर फट गया है। छात्रों का आरोप है कि सुरक्षा गार्डों ने कई राउंड फायरिंग की है। छात्रों का आरोप है कि छात्र नेता विवेकानंद पाठक यूनिवर्सिटी परिसर स्थित बैंक में जाने के लिए पहुंचे थे तभी गार्डों ने गेट खोलने से मना कर दिया। इसी को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद यूनिवर्सिटी के 200 से अधिक गार्डों ने गेट बंद करके छात्रों को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। इसमें विवेकानंद पाठक अमित कुमार एलएलबी का छात्र समेत आधा दर्जन छात्र चोटिल हुए हैं।

भगवा त्याग का प्रतीक, उसे बजरंगी गुंडे पहन रहे: बघेल

भिलाई: पठान फिल्म के गाने में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के भगवा कपड़े पहने जाने के विवाद पर अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान आया है। उन्होंने कहा कि भगवा रंग त्याग का प्रतीक है। आज उसे बजरंगी गुंडे पहन रहे हैं। बताएं कि उन्होंने क्या त्याग किया है। भिलाई में बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में बघेल ने कहा, ये विवाद का मुद्दा ही नहीं है। भाजपा के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा है। इसलिए जो जनता और समाज के मुद्दे नहीं हैं उसे सामने लाकर वो ध्रुवीकरण कर रही है। कोई व्यक्ति किसी भी रंग का कपड़ा पहन लेता है तो उससे कुछ हो नहीं जाता है। कार्यक्रम में कुछ लोग काले कपड़े पहन कर आए हैं तो क्या वो मुख्यमंत्री का विरोध करने आए हैं। कोई नीला कपड़ा पहना है तो क्या वे अंबेडकराइड हो गया है।

वसूली करने के लिए भगवा रंग पहन रहे: बघेल ने कहा कि साधु संत भगवा रंग का वस्त्र धारण करते हैं। भगवा रंग ज्वाला या अग्नि का प्रतीक है। ये बजरंगी गुंडे भगवा रंग का गमछा पहनकर निकल रहे हैं। वो तो वसूली करने के लिए भगवा रंग पहन रहे हैं। रंग की ही बात है तो भाजपा बताए कि आज उनके सांसद और विधायक जो हीरो हैं वो हिरोइनों के साथ डांस कर रहे हैं। अलग-अलग रंग का कपड़ा पहन रहे हैं। उनके बारे में उनकी क्या सोच है।

गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलें: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा गुरु घासीदास जयंती हर साल भिलाई स्थित सतनाम भवन में मनाई जाती रही है। इस बार भी यह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में लोग आए।

'चीन ध्यान रखे ये 1962 नहीं, 2022 है'

तवांग: अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीन और भारत के सैनिकों के बीच हुई झड़प को लेकर दोनों देशों में तनातनी की स्थिति है। इस बीच तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा और तवांग मठ के संतों की प्रतिक्रिया सामने आई है। दलाई लामा कहना है कि चीन लौटने का तो कोई मतलब ही नहीं है। उन्हें भारत पसंद है। वहीं, तवांग मठ के संतों ने चेतवानी देते हुए कहा कि चीन ध्यान रखे, ये 1962 नहीं, 2022 है। हिमाचल प्रदेश में सोमवार को जब दलाई लामा से तवांग झड़प को लेकर चीन के लिए उनके संदेश के बारे में पूछा गया।

एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए पीएम मोदी के पंच प्रणों से जुड़े हर

विश्व मानवता का मार्ग प्रशस्त करेगा भारत : सीएम

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए पंच प्रण पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंच प्राणों की विरासत पर स्वाभिमान करने वाला सशक्त व आत्मनिर्भर भारत दुनिया को नेतृत्व व सुरक्षा देगा और लोकमंगल की भावना से विश्व मानवता का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह सबका दायित्व है कि हम क्रांतिकारियों के सपनों के अनुरूप "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" बनाने के लिए पीएम मोदी द्वारा दिलाए गए पंच प्रणों से जुड़कर खुद को तैयार करें। योगी सोमवार शाम काकोरी बलिदान दिवस पर गोरखपुर में आयोजित देश के अब तक के सबसे बड़े ड्रोन शो में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। रामगढ़ताल के सामने स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में आयोजित 750 ड्रोन की कलाबाजियों से अमर बलिदानियों की शौर्य गाथा प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में उभरा है। 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह गौरव का विषय है। यही नहीं, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली दिसंबर से अगले वर्ष 30 नवंबर तक विश्व के 20 प्रभावशाली व ताकतवर देशों के समूह जी-20 का नेतृत्व कर रहे हैं। यह देश दुनिया की 85 प्रतिशत जीडीपी, 75 प्रतिशत व्यापार, 60 प्रतिशत आबादी व 90 प्रतिशत इनोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर आधिपत्य रखने वाले हैं।

क्रांति की हर गाथा का गवाह है यूपी: स्वतंत्रता आंदोलन में ज्ञात-अज्ञात अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम स्वातंत्र्य समर 1857 से लेकर 1947 में देश को आजादी मिलने तक उत्तर प्रदेश का कोई जिला या कस्बा ऐसा नहीं था, जिसने आजादी के आंदोलनों में बढ़-चढ़कर भाग न लिया हो।

उत्तर प्रदेश क्रांति की हर गाथा का गवाह है। 1857 का प्रथम स्वातंत्र्य समर उत्तर प्रदेश की धरती के लाल मंगल पांडेय की हुंकार से बैरकपुर में प्रारंभ हुआ। गोरखपुर में अमर बलिदानी बंधु सिंह ने उसी क्रांति की लौ को आगे बढ़ाया। रानी लक्ष्मीबाई झांसी से तो धन सिंह कोतवाल मेरठ से क्रांति के इस अभियान से जुड़े। 1922 में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ किसानों, मजदूरों, नौजवानों व आम जनता ने चौरीचौरा की ऐतिहासिक घटना को अंजाम दिया।

पंजाब में खुला पहला सरकारी रेत-बजरी केंद्र

पंजाब में खुला पहला सरकारी रेत-बजरी केंद्र

चंडीगढ़: पंजाब में सोमवार से पहला सरकारी रेत और बजरी बिक्री केंद्र शुरू हो गया है। माइनिंग मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने मोहाली के चंडीगढ़-कुराली रोड स्थित इको सिटी-2 में खोले गए इस केंद्र का उद्घाटन किया है। उन्होंने बताया कि लोगों को इस केंद्र से सरकारी रेट पर रेत-बजरी मिलेगी। इसके लिए केंद्र में सरकारी खड्?डों से सप्लाई की जाएगी। केंद्र पर एक साइन बोर्ड भी लगाया गया है, जिस पर सहायक माइनिंग अधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर का नंबर लिखा है। यह भी लिखा गया है कि अब आम जनता से लूट नहीं होगी।

रेट में डेढ़ से 2 रुपए का अंतर: माइनिंग मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि इस केंद्र के बाद पंजाब के अलग अलग जिलों में भी सस्ती रेत-बजरी मुहैया कराने के लिए सरकारी केंद्र खोले जाएंगे। बताया गया कि रेत मार्केट रेट से 28 रुपए प्रति फीट और बजरी करीब 30 रुपए प्रति फीट सस्ती मिलेगी। मार्केट रेट और सरकारी केंद्र के रेट में डेढ़ से 2 रुपए का अंतर होगा।

बड़े रेत माफिया का केस विजिलेंस को ट्रांसफर: माइनिंग मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि बड़े स्तर पर गैर-कानूनी माइनिंग किसी की शह पर हो सकती है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने एक बड़े माइनिंग माफिया को गिरफ्तार किया है।

आरोपी का केस विजिलेंस को ट्रांसफर किया जा रहा है और जांच टीम मजबूत कदम उठाएगी।

विपक्ष ने सरकार को घेरा: गौरतलब है कि पंजाब में लंबे समय से रेत-बजरी की कमी होने से इनकी कीमत आसमान छू रही है। इससे अअढ सरकार को लोगों के सवालों और विपक्ष की घेराबंदी का सामना भी करना पड़ा है।

राज्यपाल महोदया ने उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षान्त समारोह का दीप प्रज्ज्वलन कर किया शुभारम्भ

भारत के नेतृत्व को स्वीकार कर रहा विश्व-राज्यपाल, प्रतिज्ञा मिश्रा को चार, अंजलि को मिले तीन स्वर्ण पदक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का 17वां दीक्षान्त समारोह सोमवार को सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति माननीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने की। दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दीक्षान्त भाषण देते हुए कहा कि भारत के नेतृत्व को विश्व स्वीकार कर रहा है। विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों को तैयार करे जो भारतीय विशेषता को जी-20 में सहभाग कर रहे देश के प्रतिनिधियों को बताएं। उन्होंने कहा कि 2030 तक उच्च शिक्षा में युवाओं की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा जाए। राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि युवाओं को संवेदनशीलता, देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के साथ ही अपने दायित्वों का निर्वाह करना चाहिए। कहा कि शिक्षा का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। अतः इसकी समग्रता को समझते हुए प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के प्रधानाचार्य को विश्वविद्यालय में बुलाकर उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चर्चा की जाए जिससे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। उन्होंने दिव्यांगों एवं किन्नरों की उच्च शिक्षा के लिए भी समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा विद्यालयों में 12वीं तक की शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। राज्यपाल ने रजत जयंती वर्ष में दीक्षांत समारोह आयोजित करने एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को संदेश दिया कि भारत की युवा पीढ़ी को हमारी भव्य आध्यात्मिक एवं बौद्धिक विरासत का मनोयोग पूर्वक अध्ययन करना चाहिए।

कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने स्वागत भाषण एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अपनी शैक्षिक उपलब्धियों के साथ ही अपनी संरचना के विकास की ओर भी तीव्रता से गतिमान है। विश्वविद्यालय के बहुआयामी विकास एवं समाज के उपेक्षित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालय सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का महिला अध्ययन केंद्र गांव में जागरूकता शिविर लगाकर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयत्नशील है। सामाजिक सरोकार से संबंधित कार्यों तथा अपने दायित्व को भी विश्वविद्यालय पूर्ण मनोयोग से पूर्ण कर रहा है। 17वें दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्याशाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 23 स्वर्ण पदक प्रदान किये गये, जिनमें 8 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 15 स्वर्णपदक छात्राओं को मिले। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2021 तथा जून 2022 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 20 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी। अटल प्रेक्षागृह में दीक्षान्त समारोह के भव्य आयोजन के उपरान्त उपाधियां डिजीलॉकर पर अपलोड कर दी गयीं। दीक्षान्त समारोह भारतीय पारम्परिक परिधान में आयोजित किया गया।

दीक्षांत समारोह की अध्यक्ष राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने 17वें दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय मुख्य परिसर अध्ययन केंद्र की छात्रा प्रतिज्ञा मिश्रा को प्रदान किया। प्रतिज्ञा मिश्रा ने एम0ए0 भूगोल विषय की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा समस्त विद्याशाखाओं की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण समस्त स्नातकध्परास्नातक शिक्षार्थियों में सर्वश्रेष्ठ रहीं। राज्यपाल महोदया राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के उपरांत शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में स्थित इलाहाबाद संग्रहालय का भी अवलोकन किया। राज्यपाल महोदया ने वहां पर दीप प्रज्जवलन किया तथा वहां पर लगे हुए साइन बोर्ड पर हस्ताक्षर भी किया। उन्होंने वहां पर स्कूली बच्चों को बैग एवं फल वितरित किया। उन्होंने वहां पर स्वतंत्रता आंदोलन से सम्बंधित बनायी गयी आजाद गैलरी का अवलोकन किया। राज्यपाल महोदया शहीद चन्द्रशेखर आजाद परिसर में आंवला के वृक्ष का रोपण भी किया। तत्पश्चात राज्यपाल महोदया ने आनंद भवन एवं हरिवंश राय बच्चन के आवास का भी अवलोकन किया।

टौंस परिक्रमा के नौवें दिन सुरमई गांव से यात्रा हुई प्रारंभ

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला ने टौंस परिक्रमा करते हुए नौवे दिन सुलमई गांव से यात्रा प्रारंभ होने पर विवेक मिश्र, प्रधान शीतला प्रसाद निषाद अपने समर्थको संग यात्रा को अपने गांव के सीमा तक पहुंचाया, धरवारा यात्रा पहुंचने पर सिसिन सिंह , वीरू सिंह , अपने समर्थको संग यात्रा का स्वागत किया, बघेड़ा पहुंचने पर प्रधान यात्रा का स्वागत किया, अरई पहुंचने पर यात्रा स्वागत प्रधान अशोक पटेल अपने समर्थको संग यात्रा का स्वागत किया, लोहदी पहुंचने पर युवा नेता राजन ओझा ने स्वागत किया, रैपुरा पहुंचने पर प्रधान आनंद निषाद यात्रा का स्वागत किया, घोरहत पहुंचने पर अनिरुद्ध जी ने स्वागत किया, भागनपुर पहुंचने पर प्रधान लाल बहादुर पाल आरती स्थल तक यात्रा को पहुंचाया । इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा टौंस तट पर स्थित घोराहट ग्राम सभा में स्थित जरिया देवी का मंदिर सैकड़ो गावों के आस्था का केंद्र है, लोकमान्यता है कि इस स्थान की प्राण प्रतिष्ठा का इतिहास का ज्ञात नहीं है, लोक आस्था इसे स्वयंभू देवी की मान्यता देता है, तट से सटा हुआ यह मंदिर और उसके सामने स्थित विशाल बरगद का पेड़ अलौकिक छटा निहारती है।योगेश शुक्ल ने जरिया देवी की आरती करने के बाद जरिया देवी से उन गांव के लिए मंगलकामना किया है जो इन्हे आस्था के साथ पूजते है।उक्त अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक विनय शुक्ला बैकुंठ नाथ मिश्र,समाज सेवी राजेश शुक्ला,रमा शंकर द्विवेदी , हरी लाल पाल,शिव कैलाश निषाद, सूर्य मणि निषाद, फूल चंद विश्वकर्मा , सुमित शुक्ल, प्रकाश द्विवेदी, हरी मोहन सहित कई लोग मौजूद रहे।

पता पूछने के बहाने छात्र को उठा ले गए बोलेरो सवार

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। इलाकाई थाना क्षेत्र के डेलौहा गांव में बोलोरे सवार बदमाश एक छात्र से पता पूछने के बहाने गाड़ी में बैठा कर भाग निकले ।छात्र की सुरक्षा घर पर पहुंचने पर पाजी ने राहत की सांस ली।

मेजा थाना क्षेत्र के डेलौहा गांव निवासी राकेश कुमार यादव का बेटा अंकित यादव 14 वर्ष कक्षा 7 का छात्र है परिजनों के मुताबिक रविवार सुबह अंकित घर से सड़क पर गया हुआ था तभी एक बोलेरो सवार लोगों ने उसे पता पूछने के बहाने अपनी गाड़ी में बैठा लिया बदमाशों ने नशीला पदार्थ सुधाकर अंकित को बेहोश कर दिया परिजन ने बताया कि बदमाश प्रयागराज के अलोपीबाग चौराहे पर पुलिस की चेकिंग के दौरान छात्र को छोड़ दिया जिससे उसकी जान बच पाई शाम को अंकित को लेकर उसके चाचा अतुल यादव घर पहुंची तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली वार्ता के दौरान क्या कुछ कहा चाचा नहीं देखी यह रिपोर्ट।

नगर पंचायत की गलतियों से टूटी बहन की शादी

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। विधानसभा मेजा के नगर पंचायत सिरसा में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक भाई ने बताई आपबीती बताते हुए कहा कि यहां लगे कूड़े के ढेर के कारण लड़के वालों ने बहन की शादी को तोड़ दिया।

बता दें कि नगर पंचायत सिरसा के वार्ड नंबर 10 व 11 में लगा भारी-भरकम कूड़े का ढेर स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रहा है। जिसके चलते 10वीं व 11वीं वार्ड के लोगों को कई बीमारियों का अंदेशा बना हुआ है, लेकिन नगर पंचायत से जुड़े सफाई कर्मी केवल खानापूर्ति कर मोहल्ले के अंदर तालाब में ही कूड़े का अंबार लगा रहे हैं। आरोप है कि समूचे बाजार का कुड़ा यहीं पर एकत्रित होता है। सबसे ज्यादा दिक्कत तो बारिश के समय में होती है लोगों का कहना है कि हटवाने के बजाय उसे जलाया जाता है जिसके चलते उठने वाली दुर्गंध से मोहल्ले वासियों का जीना मुहाल हो गया है। हद तो तब हो गई जब मोहल्ले के इरशाद नामक लड़के ने बताया कि उसकी बहन की शादी के लिए पहुंचे रिश्तेदारों ने कूड़े के ढेर को देखकर रिश्ते को तोड़ दिया। वहीं फरीदा बेगम व अन्य लोगों का कहना है कि कई बार नगर पंचायत में शिकायत किया गया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। जिसके चलते यह समस्या पिछले कई सालों से जस की तस बनी हुई है। आखिर मोहल्ले वालों को इस कूड़े के लगे हम बाहर से उत्पन्न हो रही बीमारियों से कब निजात मिलेगां।

अखिल भारतीय वित्त विहीन संगठन ने झांसी शिक्षक परिषद पत्याशी अशोक राठौर के समर्थन में जनसंपर्क किया गया: पंकज तिवारी

अखंड भारत संदेश

सिरसा/प्रयागराज। मेजा क्षेत्र में आज अखिल भारतीय वित्त विहीन विद्यालय संगठन के इलाहाबाद झांसी शिक्षक विधान परिषद के प्रत्याशी श्री अशोक कुमार राठौर के समर्थन में प्रयागराज जनपद के जमुनापार की मेजा क्षेत्र में अखिल भारतीय वित्तविहीन विद्यालय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी जी के नेतृत्व में निम्नलिखित विद्यालयों में संपर्क करके ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों से अशोक राठौर जी को प्रथम विजेता का मत देने का आवाहन किया गया, श्री त्रिपाठी जी के साथ नरेंद्र कुमार तिवारी, दिलीप सिंह, करण यादव, मनीष राठौर, लवकुश यादव प्रमोद पटेल, के साथ निम्न विद्यालयों में संपर्क किया गया, 1-सरदार राज नारायण यादव इंटर कॉलेज रामनगर, 2-आशीर्वाद बालिका हाई स्कूल शिवपुरा, 3-महाबल सिंह इंटर कॉलेज लेहडी,4-रामवंती देवी इंटर कॉलेज अमिलिया, 5-शकुंतला देवी इंटर कॉलेज उरुवा, 6-सत्यनारायण इंटर कॉलेज उरुवा, 7-बाल गोविंद इंटर कॉलेज अखरी शाहपुर, 8-जगदंबा प्रसाद इंटर कॉलेज मरहा, 9-बाबू नवल किशोर इंटर कॉलेज गेदुराही,10-शिवराम पांडे इंटर कॉलेज जगेपुर,11-सी एल इंटर कॉलेज कोटहा,12-राम किशोर इंटर कॉलेज कोटहा,13-झलरावती देवी इंटर कॉलेज,14-पंडित आदित्य प्रसाद तिवारी इंटर कॉलेज लखनपुर, 15-राष्ट्रीय शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज लखनपुर, 16-कौशलेश नाथ तिवारी इंटर कॉलेज लखनपुर, 17-बद्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज मेजा रोड, 18-अड़गड़ानंद इंटर कॉलेज मेजा रोड, 19-श्यामकली इंटर कॉलेज मेजारोड, 20-यथार्थ गीता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा, आज विद्यालयों में जनसंपर्क करके श्री अशोक राठौर जी को इलाहाबाद झांसी शिक्षक विधान परिषद चुनाव में प्रथम वरीयता का मत देने का शिक्षकों से आवाहन किया गया शिक्षकों का मिल रहा भरपूर समर्थन इस बार सिर्फ और सिर्फ अशोक राठौर को जीतने का।

पुलिस ने शराब की अवैध भठठियों तोडी बीस लीट के साथ एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा में विभिन्न गांवों में अवैध शराब की भठठियों को पुलिस ने तोडा और बीस लीटर शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम विशम्भरपुर में अवैध शराब की भठठियों की सूचना पर पुलिस ने कहर बरपा कर बीस लीटर शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम राम आधार पुत्र स्वर्गीय जंगाली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है।

काकोरी के शहीदों की स्मृति में बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला

गंगा कीअविरलता और स्वच्छता का लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

करछना। काकोरी के अमर शहीदों की स्मृतियां हमें राष्ट्र धर्म को सर्वोपरि मानते हुए देश की आन,मान,स्वाभिमान पर सब कुछ न्यौछावर करने का संदेश देती हैं।

शहीद रोशन सिंह,राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खां जैसे सेनानियों का यह आजाद भारत युगों युगों तक ऋणी रहेगा।यह बातें काकोरी बलिदान दिवस पर क्षेत्र के रामपुर स्थित श्री बृज मंगल सिंह इ.का.मे आयोजित बच्चों की निबन्ध प्रतियोगिता के पूर्व प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने प्रार्थना सभा स्थल पर कही। शिक्षकों ने भी शहीदों के कृतित्व से प्रेरणा लेने की बात कही। निबन्ध प्रतियोगिता में कई छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कक्षा११के जीशान अहमद प्रथम रहे।इसी दौरान सभागार में अविरल गंगा,स्वच्छ गंगा हेतु आयोजित संगोष्ठी में बच्चों ने भाषण के माध्यम से मां गंगा के बिषय में अपने विचार प्रकट किए।

विकास खण्ड सहसों की विभिन्न बिंदुओं पर बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

सहसों। क्षेत्र पंचायत सहसों की विभिन्न बिंदुओं और कार्य योजनाओं के संबंध में बैठक सोमवार को विकास खण्ड सहसों के मुख्यालय सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख गीता सिंह ने किया। बैठक में विकास खण्ड सहसों के समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए कार्य योजनाओं का अनुमोदन किया गया। जिसमें पिछली कार्यवाही की पुष्टि करते हुए नाली, इंटरलॉकिंग, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, आरसीसी कार्य को योजना में शामिल करते हुए उसका अनुमोदन किया गया। तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना पर चर्चा हुई। साथ ही मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, कोविड-19 वैक्सीनेशन, छुट्टा गोवंशों की समस्या एवं गौशाला निर्माण पर विचार, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं, पंचम राज वित्त एवं 15 वां वित्त पर विचार, पीएम और सीएम आवास योजना ग्रामीण पर विचार के साथ अन्य विषयों पर अध्यक्ष के अनुमति के अनुसार विकास कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से खण्ड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, शिव नारायण सिंह गप्पू ,? ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी सिंह, ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह, प्रधान बाल गोविंद त्रिपाठी, प्रधान गुलाब तिवारी, सुरेश जायसवाल व जिला पंचायत सदस्य आशीष भारतीया, दीपक वर्मा, पूर्व प्रमुख मसूरिया दीन यादव, प्रेमचंद भारतीया, प्रदीप यादव, विजय बहादुर, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राजेश सिंह, अवर अभियंता गिरजा शंकर यादव, सच्चिदानंद पटेल सहित आदि गणमान्य व्यक्ति एवं विकास खंड के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

मालगाड़ी के चपेट में आने से नशेड़ी यूवक की मौके पर मौत

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। नशे में धुत युवक मालगाड़ी के चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई तथा शव कई टुकड़ों में बंट गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास निवासी ओमप्रकाश उर्फ टिल 20 वर्ष पुत्र राम सरोज गुरुवार को नशे में धुत होकर शाम को चार बजे मऊआइमा के फाटक नम्बर63 पिलखुआं पहुंच गया।

बताते हैं कि प्रयागराज से आ रही तीव्र गति से माल गाडी की चपेट में आने से ओमप्रकाश के शरीर के कई टुकड़े हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। पुलिस का कहना है कि ओमप्रकाश उर्फ टिल्लू की आम शोहरत ठीक नहीं था। वह अभी तक अविवाहित था। परिजन मौके पर पहुंच कर रोने बिलखने लगे। और कोहराम मच गया।

गौहनिया पुलिस की अवैध वसूली का एक और वीडियो क्लीपिंग सोशल मीडिया पर हुआ वायरल, खनिज परिवहन वाहनों से कई सिपाही अवैध वसूली करते दिखे

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। घूरपुर थाना क्षेत्र के गौहनिया पुलिस चौकी पर अभी तीन दिन पूर्व खनिज परिवहन ट्रको से पुलिस द्वारा अवैध वसूली का वीडियो क्लीपिंग सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जांच चल ही रही थी कि इन सबसे बेखौफ गौहनिया पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों की अवैध खनिज परिवहन करते ट्रैक्टर वाहनो से अवैध वसूली की दूसरी वीडियो क्लीपिंग सोमवार की शाम सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है।

घूरपुर पुलिस इन दिनों खनिज परिवहन वाहनों से अवैध वसूली को लेकर सुर्खियों में है। अभी तीन दिन इस तरह कीसोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्लीपिंग की अधिकारियों द्वारा जांच का आदेश देते देर नहीं हुआ कि सोमवार की शाम भी पुलिस द्वारा अवैध वसूली का एक और वीडियो क्लीपिंगसोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल वीडियो क्लीपिंग में खनिज परिवहन करते कई ट्रैक्टर गुजर रहे हैं और चार पुलिस कर्मी चौकी पर मौजूद दिखते हैं और सभी परिवहन करते वाहनों पर टार्च दिखा रोकते हैं। और एक सिपाही ट्रैक्टर से अवैध वसूली करते दिख रहा है। ऐसा लगातार होने थाना प्रभारी सहित गौहनिया चौकी इंचार्ज पर भी उंगली उठने शुरू हो गए। सवाल ये है खुलेआम इस तरह की पुलिस अवैध वसूली रात भर लगातार करती रहे और इन अधिकारियों को इसकी जानकारी भी न हो तो इस तरह की निष्क्रियता से होने वाले अपराध को समय पूर्व कैसे रोक पाएंगे घूरपुर थाना के ज़िम्मेदार अधिकारी। इसे लेकर आमजनमानस के बीच घूरपुर थाना के ज़िम्मेदार भी सवाल के घेरे में आ चुके हैं।

पहले आम युवकों से कराती थी वसूली मनबढ़ पुलिस अब स्वयं करने लगी अवैध वसूली :

खनिज परिवहन वाहनों से अवैध वसूली की बात की जाए तो पहले पुलिस पिकेट, बूथों और चौकियों पर पुलिस बदमाश किस्म के आम युवकों से अवैध वसूली कराती थी। तो पुलिस कर्मी खतरो से बचे रहते थे।पूर्व में इस तरह के मामले पुलिस अधिकारियो के पास भी गई थी। लेकिन विगत कुछ माह पूर्व से पुलिस कर्मी इतने मनबढ़ और बेखौफ हो गए कि स्वय ही वाहनों से अवैध वसूली करने लगे। और इनके एक से बढ़कर एक कारनामे भी सामने आने लगे।

तीन दिन पूर्व वायरल वीडियो एक सिपाही कर्मी को किया गया लाइन हाजिर

तीन दिन पूर्व गौहनिया पुलिस चौकी पर एक पुलिस कर्मी द्वारा खनिज परिवहन ट्रक से अवैध वसूली करते सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्लीपिंग मामले में पुलिस उच्च अधिकारियो ने एक पुलिस कर्मी को लाइन हाजिर कर दिया है। अब सोमवार की शाम अवैध वसूली करते वीडियो क्लीपिंग में चार पुलिस कर्मी दिख रहे हैं। जिन पर भी गाज गिरना तय माना जा रहा है।

180 गरीबों को कंबल बांटकर मनाया बेटे का जन्मदिन

खान अधिकारी ने गरीबों से बेटे के लिए मांगा आशीष

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। अमूमन लोग घर के सदस्यों का जन्मदिन घर में पूजा-पाठ, दर्शनपूजन और केक काटकर मनाते हैं, लेकिन शंकरगड़ क्षेत्र के ओसा के रहने वाले खान अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने अपने बेटे का जन्मदिन गरीबों के साथ मनाया। उन्होंने क्षेत्र की विधवा, परित्यक्तता और गरीबों के बीच जाकर ठंड से बचाव के लिए कंबल बांटा। ठंड के सीजन में खान अधिकारी के हाथों कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी से खिल उठे। गरीब, असहायों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशीर्वाद भी दिया।

विकास खंड शंकरगढ़ के ओसा निवासी सुरेंद्र सिंह, जो वर्तमान में खान अधिकारी के पद पर लखीमपुर खीरी में तैनात हैं। उनके बड़े बेटे सूरज सिंह का सोमवार को जन्मदिन है। उसी के उपलक्ष्य में गांव के 180 गरीब, असहाय व विधवाओं को कंबल वितरित किया गया। ठंड के मौसम में गांव के गरीब कंबल पाकर काफी प्रसन्न हुए और बेटे के लंबी उम्र का आशीष दिया।विजय सिंह व वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सुरेंद्र सिंह के द्वारा गांव में गरीबों की बेटियों में शादी में सहयोग करने के साथ-साथ दुखी बीमार होने पर गरीबों के इलाज में सदैव आगे रहते हैं। हमेशा की तरह इस वर्ष भी आज खान अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने गरीबों को ठंड से बचने के लिए कंबल दिया। कंबल पाने वालों में 40 विधवा, एक परित्यागता व 139 गरीब असहाय शामिल हैं। कंबल वितरण के दौरान सहयोग करने में गया प्रसाद सिंह, नरेंद्र सिंह, विजय सिंह, लाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, राम अनुज विश्वकर्मा, मदन, धर्मेंद्र आदि शामिल रहे।

ठंडी हवाओं में गर्म हो गया इलाहाबाद विश्वविद्यालय का माहौल

छात्र नेता व गार्डों से कहासुनी के बीच खूब चले ईट पत्थर, वरिष्ठ अधिकारियों के समझाने पर माने छात्र

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रों की पिटाई के बाद सोमवार को जमकर बवाल हुआ। उग्र भीड़ ने पथराव, तोड़फोड़ के साथ आगजनी की। कार्यालयों के दरवाजे-खिड़कियों के साथ ही दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए। दो बाइकें व जनरेटर फूंकने के साथ कैंटीन को भी आग के हवाले कर दिया। आरोप है कि सुरक्षा गार्डों ने छात्रों की पिटाई के साथ ही फायरिंग की। इसमें छात्रनेता व विवि के पांच छात्र जख्मी हुए हैं।बवाल पूर्व छात्रनेता व कांग्रेस के प्रदेश सचिव विवेकानंद पाठक से अभद्रता से शुरू हुआ। वह यूनियन हॉल के पास स्थित एसबीआई शाखा में जा रहे थे। आरोप है कि सुरक्षा गार्डों ने उन्हें भीतर जाने से रोक दिया। इसे लेकर नोकझोंक हुई तो एक असिस्टेंट प्रोफेसर के बीचबचाव पर मामला शांत हो गया और विवेकानंद भीतर चले गए। आरोप है कि कुछ देर बाद बड़ी संख्या में गार्ड डंडे व लोहे की रॉड व असलहों से लैस होकर आए और छात्रों को पीटना शुरू कर दिया।

उधर बवाल के चलते इविवि प्रशासन ने 20 दिसंबर को विवि पूरी तरह से बंद रखने का निर्णय लिया है। बता दें कि 17 दिसंबर से ही विवि में शीतकालीन अवकाश के चलते शिक्षण कार्य स्थगित है। लेकिन विभागीय कार्य संपादित किए जा रहे थे। हालांकि स्थिति को देखते हुए एक दिन के लिए विवि पूर्ण रूप से बंद करने की घोषणा की गई है। कुछ उपद्रवी तत्वों द्वारा विवि गेट का ताला तोड़ने की कोशिश की गई। रोकने पर उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से बदसलूकी और मारपीट की। इसके बाद उपद्रवियों ने परिसर में तोड़फोड़ व आगजनी की। उपद्रवी विश्वविद्यालय के छात्र नहीं हैं। बवाल में दो शिक्षकों की कार क्षतिग्रस्त की गई है। पुलिस का इस पूरे घटनाक्रम को मूकदर्शक बनकर देखना बेहद अफसोसजनक है। विवि के किसी भी गार्ड ने गोली नहीं चलाई। जबकि उपद्रवी तत्वों की ओर से हवाई फायरिंग की गई।

-डॉ. जया कपूर, पीआरओ इविवि

निहत्थे छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

निहत्थे छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। आरोप है कि विरोध पर फायरिंग भी की गई। इसकी जानकारी पर बड़ी संख्या में छात्र जुट गए और उन्होंने पथराव करते हुए गार्डों को खदेड़ लिया। इसके बाद बवाल शुरू हो गया। पथराव करते हुए आगे बढ़े छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक, रजिस्ट्रार समेत कई कार्यालयों के दरवाजे-खिड़कियां तोड़ दिए। पुलिस के खदेड़ने पर केंद्रीय पुस्तकालय की तरफ स्टैंड में खड़े शिक्षकों-कर्मचारियों के आठ वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए।इसके साथ ही परिसर में खड़ी तीन और यूनियन भवन रोड व बैंक रोड पर एक-एक कारों में भी तोड़फोड़ की। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक व रजिस्ट्रार कार्यालय के पास खड़ी दो बाइकें फूंक दी। प्रॉक्टर कार्यालय के पास स्थित कैंटीन व जनरेटर में भी आग लगा दी। सूचना पर कमिश्नर रमित शर्मा, एडिशनल कमिश्नर आकाश कुलहरि, डीएम संजय खत्री डेढ़ दर्जन थानों की फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और किसी तरह स्थिति नियंत्रित की। उधर सुरक्षा गार्डों की पिटाई में छात्रनेता विवेकानंद पाठक का सिर फूट गया। इसके अलावा एमए के छात्र अभिषेक यादव का आरोप है कि वह फायरिंग में छर्रे लगने से घायल हुआ है। इसके अलावा छात्र हरेंद्र यादव, मंजीत पटेल, मुबस्सिर हारून, मसूद अंसारी भी जख्मी हुए हैं। इन सभी का मेडिकल कराया गया है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। छात्रों को समझा दिया गया है और उन्हें आश्वासन दिया गया है कि निष्पक्ष कार्रवाई होगी। सीसीटीवी व वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई होगी। - रमित शर्मा, पुलिस कमिश्नर।

काकोरी के शहीदों की स्मृति कार्यक्रम समापन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सोमवार को काकोरी बलिदान सप्ताह काकोरी के शहीदों की स्मृति कार्यक्रम के समापन अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार संस्कृति विभाग,प्रयागराज तथा जिला प्रशासन प्रयागराज की ओर से नुक्कड़ नाटक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन शहीद चन्द्रशेखर आजाद

पार्क प्रयागराज में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में के. पी.श्रीवास्तव माननीय विधायक एवम् गणेश केसवानी महानगर अध्यक्ष बीजेपी प्रयागराज शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रयागराज के लोकप्रिय कवियों क्रमसा स्लैश गौतम, आभा श्रीवास्तव, नीलिमा मिश्रा, मधुर श्रीवास्तव, विनम्र सेन आदि ने कवितापाठ कर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। ब्लेज रॉक बैंड ग्रुप द्वारा शाम को संगीतमय प्रस्तुति प्रदान की गई। इस अवसर पर पूर्व डीएफओ पदम् नाथ सिंह की पुस्तक देश की पुकार का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर विजय विश्वास पंत मंडलायुक्त प्रयागराज, प्रेम प्रकाश एडीजी प्रयागराज, सत्यप्रिय सिंह अपर जिलाधिकारी नगर प्रयागराज, भोलानाथ कनौजिया जिला विकास जिला, काशी तमिल समागम के संयोजक गोविंद राजू, कपिल कुमार उपायुक्त मनरेगा प्रयागराज, गुलाम सरवर पांडुलिपी अधिकारी , श्री राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक प्रयागराज , चंद्रबली पटेल समाजसेवी, रंगबाली पटेल, , विकास यादव, रोशन लाल तथा गणमान्य अतिथिगणों की उपस्थित रही। मो. मोहसिन नूरी क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी, प्रयागराज।

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। संयुक्त आयुक्त उद्योग, प्रयागराज मण्डल ने बताया है कि मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सभागार में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने मण्डलान्तर्गत जनपदों में प्रत्येक माह नियमित रूप से जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक कराये जाने के निर्देश दिये गये, साथ ही निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के

सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से लम्बित के कारण प्राप्त किए जाए। कारण संतोषजनक न होने पर उनके उच्चाधिकारियों को संदर्भित किया जाए। लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा पर बैठक में उपस्थित सभी अग्रणी बैक प्रबन्धकों/उपायुक्त उद्योग को लक्ष्यानुरूप प्रगति हेतु कड़े निर्देश निर्गत किए गए। औद्योगिक क्षेत्र नैनी में जलभराव की समस्या के निस्तारण हेतु आरएम यूपी सीडा/नगर आयुक्त प्रयागराज को निर्देशित किया गया कि उद्यमियों के साथ संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षणकर अगली बैठक में प्रगति से अवगत कराया जाए।

बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को उद्यमियों के समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक का संचालन श्री लालजीत सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग प्रयागराज मण्डल द्वारा किया गया। बैठक में श्री मुरारी लाल अग्रवाल सदस्य उ0प्र0 व्यापारिक कल्याण बोर्ड, नटवर लाल सदस्य उ0प्र0 व्यापारिक कल्याण बोर्ड, संतोष त्रिपाठी सदस्य उ0प्र0 व्यापारी कल्याण बोर्ड, प्रमुख रूप से जी0एस0 दरबारी, विनय टण्डन, राजीव नैयर उद्यमीगण उपस्थित थे तथा अजय शर्मा प्रधान सहायक, सत्येन्द्र पटेल, राकेश वर्मा द्वारा बैठक में सहयोग प्रदान किया गया।

बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षक कटिबद्ध हों : अखिलेश वर्मा

अखंड भारत संदेश

बारा। बारा तहसील के विकास खंड जसरा के प्राथमिक विद्यालय रामनगर में संकुल स्तरीय बैठक व सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सरस्वती पूजन के बाद बच्चों ने देशभक्ति गीत गाये। नन्ही छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी जसरा अखिलेश वर्मा ने नसीहत देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सभी शिक्षक प्रतिबद्ध हों। बैठक को सम्बोधित करते हुए ए आर पी गिरीश सिंह ने कहा कि शासन की मंशानुरूप कक्षा 3 तक के बच्चों को निपुण लक्ष्य हासिल करवाना हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए।

एआरपी सतीश कुशवाहा ने बताया कि बच्चों को नियमित रूप से प्रार्थना सभा मे योगा कराना नितांत आवश्यक है। ए आर पी महेंद्र सिंह व जितेन्द्र मिश्र ने समय समय पर बच्चों के आँकलन व ट्रैकिंग पर बल दिया। प्र. अ. सरोज सिंह यादव ने आये हुए सभी शिक्षकों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर अब्दुल कुद्दुस, होरीलाल दिवाकर, शिवभान सिंह, शेषधर यादव, ज्योति सिंह, कमलेश यादव, हरनाम सिंह, रामप्रकाश पाल, त्रिभुवन सिंह, बृजेश कुमार, रानी सिंह, मधुलिका, मो.असलम, जानकी कुशवाहा, गेंदकली, विनय कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

फूलपुर नगर अध्यक्ष के चुनाव में वैश्य समाज हो भाजपा समर्थित उम्मीदवार - रामजी केसरी

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। फूलपुर नगर पंचायत में नगर अध्यक्ष का पद अनारक्षित होने पर वैश्य समाज को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से बहुत उम्मीदें हैं। वैश्य समाज सदैव निष्ठापूर्वक भाजपा के समर्थन में रहा है। ऐसे में अपेक्षा यही है कि फूलपुर नगर पंचायत के चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार वैश्य समाज से ही हो। उक्त बातें सोमवार को शिव नायक शिवालय मंदिर में आयोजित केसरवानी वैश्य समाज की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम जी केसरी ने कही। नगर पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहने वाले रामजी केसरी ने आगामी नगर पंचायत चुनाव के महत्वपूर्ण तथ्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि वैश्य समाज इस बार नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर अपने ही समाज के नेतृत्वकर्ता को बैठाने का मन बना चुका है। वहीं कुवंर जी केसरी ने कहा कि इस बार वैश्य समाज तन मन धन से अपने प्रत्याशी को जिताने का काम करेगा। मौके पर वैश्य समाज के अध्यक्ष शिवकुमार, प्रेमचंद केसरी, हरिश्चंद्र सोनी, ओमप्रकाश केसरी, एडवोकेट राजदेव गुप्ता, संतोष, रामबाबू केसरवानी, श्याम गोपाल, कुलदीप, प्रदीप, प्रदीप गुप्ता सुनील गुप्ता,रोहित केसरी, रिंकू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

क्रीड़ा प्रतियोगिता में काजल ,नेहा और प्रदीप बने चैम्पियन

अखंड भारत संदेश

नैनी। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 29 वें तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह संपन्न हुआ ।समारोह के मुख्य अतिथि प्रो० अमित भारद्वाज निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज , विशिष्ट अतिथि प्रो० के०सी० वर्मा, सहायक निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज रहे। उक्त समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का स्वागत बैज लगाकर एवं पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया।

मुख्य अतिथि प्रो०अमित भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में जीवन में संघर्ष की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया उन्होंने बताया कि संघर्ष विहीन जीवन विकास से विरत रहता है इसलिए संघर्षों के प्रति धैर्य और जिजीविषा बनाए रखते हुए अपने लक्ष्य के प्रति आगे बढ़ते रहना चाहिए । मुख्य अतिथि द्वारा विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी गई एवं स्पर्धा में प्रतिभाग करने वालों को विजयी प्रतिभागियों से अधिक महत्वपूर्ण बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो० के०सी० वर्मा ने प्रत्येक व्यक्ति के क्रीडा संबंधी गतिविधियों में शामिल होने पर बल दिया। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात विभिन्न प्रतिस्पधाओं का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण हुआ जिसमें छात्र वर्ग के अंतर्गत प्रदीप यादव एवं छात्रा वर्ग में काजल मिश्रा व नेहा मिश्रा चैंपियन रहे ।अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० ओमप्रकाश ने विजय प्रतिभागियों एवं प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए व्यक्तित्व निर्माण हेतु सभी से क्रीडा संबंधी गतिविधियों में शामिल होने का आवाहन किया।

उक्त अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त छात्र-छात्रा कर्मचारी एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। मंच संचालन डा अर्चना राय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर भास्कर शुक्ल द्वारा किया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ से डॉ अमित कुमार मिश्र द्वारा दी गई।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की दर्दनाक मौत घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र की खोदायपु में नेशनल हाईवे सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक साइकिल सवार की दर्दनाक मौत हो गई । वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । अधेड़ की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ हैं । खोदायपुर थाना उतरांव निवासी अशोक कुमार उम्र 45 वर्ष जो मजदूरी करता था । वह शाम लगभग 9:00 बजे के करीब अपने घर के लिए सहसो से भैस बांधने के लिए रस्सी लेकर घर आ रहा था ।जैसे ही खोदायपुर नेशनल हाईवे सर्विस रोड पर पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया । वही टक्कर से ही मौके पर अधेड़ की मौत हो गई । तेज आवाज सुन स्थानीय लोग मौके पर गए तो आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए परिजनों को सूचना दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वही घटनास्थल पर ही मृतक की पत्नी चीख चीख कर रोने लगी । मृतक युवक के दो लड़की और एक बेटा है । मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था पहले ही एक भाई की मृत्यु हो चुकी है।मृतक अशोक कुमार की मौत से पत्नी गीता देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

स्थगन आदेश के बावजूद जमीन पर कब्जा कर लिये और घर में घुस कर पीटा गया मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। स्थगन आदेश के बावजूद दबंगों ने दूसरे की भूमिधरी जमीन पर कब्जा कर मडहा रख लिया।विरोध पर घर में घुस कर मारा पीटा गया। मऊआइमा पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकहाफिज उर्फ पूरे शीतल निवासी राज कुमार गुप्ता पुत्र भाई लाल का आरोपी है कि उसकी भूमिधरी जमीन पर स्टे होने के बावजूद गांव के दबंगों ने कब्जा कर मडहा रख लिया। आरोप है कि विरोध पर घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। राज कुमार गुप्ता ने मऊआइमा थाना थाने में सुरेश कुमार प्रजाति ,रमेश कुमार, राहुल कुमार, आशीष कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

फोटो, वीडियो कार्यालय पर आवास के लिए फरियाद लेकर पहची महिलाएं

करछना। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत भगेशर देहली ग्राम पंचायत की 2 दर्जन महिलाओं ने सोमवार को विकासखंड करछना कार्यालय में पहुंचकर खंड विकास अधिकारी देव कुमार से अपनी व्यथा बताई जिस पर खंड विकास अधिकारी ने पीड़ित महिलाओं का दुखड़ा सुनकर आश्वासन दिया कि मैं सभी के घर आकर आप सभी लोगों के निरीक्षण जांच कराकर पात्र लाभार्थियों को आवास दिलाने का काम करेंगे जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ गरीबों को मिल सके महिलाओं का दर्द है कि उनके साथ अन्याय किया गया है कुछ महिलाओं ने बताया कि वर्षों पूर्व से आवास के लिए आवेदन किया गया था लेकिन अभी तक उन्हें पात्रता की श्रेणी में जांच करा कर ही आश्वासन देते चले आए हैं सचिव लोग लेकिन उन्हें पक्का छत अभी नसीब नहीं हुआ आवास की आस पर पानी फिरता देख दो दर्जन महिलाएं 17 किलोमीटर पैदल चलकर विकासखंड करछना में आकर अपना दुखड़ा सुनाया उस दौरान गांव के प्रधान प्रतिनिधि शिव बहादुर यादव पंचायत सचिव आदित्य कुमार पौडवाल की मौजूदगी में महिलाओं ने नचका देवी ,संगीता देवी ,सोना देवी ,चुलबुल ,रंजीता देवी मीन ,नेहा ,कामना ,फूल कली, मनोज कुमारी ,रूपा देवी ,पिंटू ,सुरेंद्र कुमार ,सुमन, सुशीला देवी, सुमित्रा दिनेश ,मनोज ,रेनू ,आरती, राजेंद्र प्रसाद ,सहित दो दर्जन महिला पुरुष आवास के लिए अपनी फरियाद दर्ज कराई,

साहू कल्याण समिति के अध्यक्ष बने रामसागर एवं कमलेश बने महामंत्री

अखंड भारत संदेश

नैनी। साहू कल्याण समिति यमुना पार नैनी संगठन का2वर्षिय चुनाव सदस्यों के सर्व सम्मति से मानस नगरनैनी में सम्पन्न हुआ ।संगठन को कुशल संचालन व मजबूती के लिए राम सागर गुप्ता एडवोकेट को अध्यक्ष व कमलेश साहू को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है ।इनके सहयोग के लिए उपाध्यक्ष पद पर प्रो श्याम देव गुप्ता व प्रेम चन्द्र गुप्ता मंत्री पद पर रविन्द्र कुमार गुप्ता और विमल गुप्ता का चयन किया गया है ।संगठन में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण पद कोषाध्यक्ष का होता है उस पद पर अजीत कुमार साहू का चयन किया गया है ।कोष में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो संगठन के पूर्व अध्यक्ष अमृत लाल साहू को आडिटर नियुक्त किया गया है ।प्रकाशन मंत्री धीरज साहू को व संगठन के विस्तार के लिए अमित कुमार साहू रवि शंकर साहू को संगठन मंत्री बनाया गया है।

संगठन बिना किसी विवाद के कार्य करे इसके लिए एक परामर्श दात्री समिति बनाई गई है जिसमें भोला प्रसाद साहू सत्य नारायण गुप्ता ओम प्रकाश साहू लाल बहादुर साहू अमृत लाल साहू डी डी गुप्ता के पी गुप्ता फूल चन्द्र गुप्ता अशोक कुमार साहू रसिक लाल

साहू समय समय पर अपना सहयोग देते रहेंगे।बैठक में सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पास किया गया है कि जो पार्टी साहू समाज को महापौर पद की टिकट देगी साहू समाज उसी पार्टी को वोट करेगा वर्ना साहू समाज अपना प्रत्याशी स्वयम् खड़ा करके मिनी विधान सभा भेजने का काम करेगा। बैठक को सर्व श्री हरिओम साहू कृष्ण कुमार साहू डा के सी साहू प्रभाकर साहू मदन लाल साहू राजेश साहू प्रधान सतीश साहू महेंद्र कुमार गुप्ता आदि लोगों ने बैठक को संबोधित किया ।बैठक की अध्यक्षता दुर्गा प्रसाद गुप्ता व संचालन समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने किया ।

जनता दरबार में विधायक ने सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश

लालापुर ।विधायक बारा डा.वाचस्पति ने अमिलिया तरहार गांव में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों की समस्यायें सुनी।इस दौरान विधायक बारा प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद उर्फ श्यामू निषाद ने विधायक बारा डॉ. वाचस्पति के सात माह के कार्यकाल में कराये गये कार्य और योजनाओं के बारे में लोगों को पढ़कर सुनाया।लोगों के द्वारा जनता दरवार में रोड़,पानी,बिजली,आवारा पशु जैसे कई विभागों की शिकायत की गई।शिकायत में सबसे बड़ा मुद्दा नाविकों का और पशुओ के अबारा होने पर किसान परेशानी का सामना करना पड़ रहा और नाविकों द्वारा शिकायत किया गया कि यमुना बालू ठीकेदार नाव से बालू निकलवाकर अपने पट्टा वाले घाट पर गिरवाते हैं मामला आने पर नाविकों के खिलाफ मुकदमा लिखवा दिया जाता है। इस पर विधायक ने नाविक मजदूरों से कहा कि जब प्रशासन को कोई दिक्कत नहीं आप को कोई दिक्कत नहीं है तो ठीक है और जो भी समस्या है जल्द ही समस्या का निस्तारण कराया जायेगा। जनता दर्शन में ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया कि आप लोगों का समस्याओं का जल्द ही निस्तारण किया जाएगा।जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष लालापुर शेर सिंह यादव,बिजली विभाग के कर्मचारी,स्वामी बृजेशानंद जी महराज ,उमेश शुक्ल,शंकरलाल पांडेय,सूरज शुक्ल,मुकेश दिवेदी,शेर सिंह,होरी लाल केसरवानी,राधा कृष्ण पांडेय,नरेश कुमार उर्फ राजू डाक्टर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

बालू लदी मालवाहक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

नैनी मड़ौका रोड पर हुआ हादसा, पीआरबी के सिपाहियों ने पहुंचाया सीएचसी कोतवाली क्षेत्र के मड़ौका रोड पर रविवार की शाम बालू लदे मालवाहक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पीआरबी पहले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका ले गई। हालत नाजुक होने पर उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके से बालू लदे मालवाहक को अपने कब्जे में लेकर कोतवाली उठा लाई। नैनी क्षेत्र के तिगनौता गांव में रहने वाले संजीव 46 पुत्र स्व. नंद किशोर रविवार की शाम अपने बाइक से मड़ौका रोड की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह टीसीआई गेट से कुछ दूर पहुंचे ही थे कि सामने बालू लदे मालवाहक ने उनकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे संजीव गंभीर रुप से घायल हो गए। पास में खड़ी पीआरबी 98 के सिपाहियों ने फौरन घायल को अपनी इनोवा में लादफांद कर सीएचसी चाका पहुंचाया। जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने संजीव को एसआरएन रेफर कर दिया। एसआरएन पहुंचने पर चिकित्सकों ने संजीव को मृत घोषित कर दिया। संजीव अपने छोटे-छोटे दो बच्चों अभिषेक व उसकी बहन को भरण पोषण करते थे। उनकी मौत की सूचना पर बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है

घर के सामने चारपाई पर बैठे वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर मौके पर मौत

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। घर के सामने चारपाई डाल कर वृद्ध धूप सेंक रहा था। तभी तीव्र गति से आयी बाइक ने चारपाई पर बाइक चढा दी। मौके पर वृद्ध की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बाइक सहित चालक को पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। जबकि वृद्ध के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घर में कोहराम मचा हुआ है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह निवासी सहदेव 65 वर्ष पुत्र द्वारिका प्रसाद गुरूवार को दोपहर में घर के सामने चारपाई डाल धूप सेक रहा था।और साथ में कुछ लोग बातें कर रहे थे। तभी सडक से अनियंत्रित होकर तीव्र गति से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सहदेव प्रसाद की मौके पर मौत हो गई। अन्य लोग साफ साफ बच गए। ग्रामीणों ने बाइक चालक को पकड़ कर बाइक सहित पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के तीन पुत्रियां एक पुत्र ललित कुमार है।

शपथ ग्रहण समारोह सकुशल संपन्न हुआ

नैनी। पदम एनक्लेव प्रांगण में पदम एनक्लेव रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी की नई कार्यकरिणी का शपथ ग्रहण समारोह सकुशल संपन्न हुआ । चुनाव आधिकारी विवेक शुक्ला जी ने पदाधिकारियों को पद एवम् गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने नई कार्यकारणी को आशीर्वाद एवम शुभकानाओं से अभिसिंचित किया इस बार 202223 के लिए अध्यक्ष के पद पर ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष के पद पर रेनू सक्सेना, सचिव के पद पर प्रदीप कुमार सिंह एवम कोषाध्यक्ष के पद पर रतन चौधरी जी ने शपथ ग्रहण किया। जल्द ही कार्यकारणी का विस्तार करके सोसाइटी के अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाएगा

केपी इंटर कालेज में नकल करती पकड़ी गयी एक परीक्षार्थिनी प्रशिक्षु

चार परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई डीएलएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। तीन दिवसीय डीएलएड (बीटीसी) परीक्षा-2022 के द्वितीय सेमेसटर की परीक्षा शहर के राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, केपी हिन्दू इंटर कालेज व तिलक इंटर कालेज में सोमवार को प्रारंभ हुई।

पहली पाली की परीक्षा में केपी हिन्दू इंटर कालेज परीक्षा केन्द्र पर एक परीक्षार्थिनी प्रषिक्षु को सीरीज बुक के साथ नकल करते पकड़ा गया। उसे तुरंत रिस्टीकेट कर दिया गया। इस परीक्षा में प्रधानाचार्य के अलावा हर परीक्षा केन्द्र पर पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई थी। शहर के तिलक इंटर कालेज में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी, प्रधानाचार्य प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा शुरू होने के पहले परीक्षा केन्द्र पर गेट की परीक्षार्थियों की तलाषी ली गई तथा जांच की गई। राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्या गरिमा श्रीवास्तव का परीक्षा सहयोग जहां वरिष्ठ षिक्षक मो0 अनीस व षिक्षिका सविता सिंह कर रही थीं, वहीं पर्यवेक्षक के रुप में राजकीय बालिका इंटर कालेज खरवई की प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव एवं जिला षिक्षा प्रषिक्षण संस्थान अतरसण्ड के अनूप कुमार यादव व षिखा यादव प्रवक्ता की देखरेख में परीक्षा हुई।

तिलक इंटर कालेज में परीक्षा का जायजा लेते पर्यवेक्षक सच्चिदानंद तिवारी।

बता दें कि सोमवार को हुई परीक्षा में राजकीय इंटर कालेज में 722 में 24 अनुपस्थित रहे। केपी हिन्दू इंटर कालेज में 822 में 36 अनुपस्थित रहे। तिलक इंटर कालेज में 522 में 26, राजकीय बालिका इंटर कालेज में 419 में 25 अनुपस्थित रहे। सोमवार को दोनों पाली की परीक्षा में चारों केन्द्रों पर प्रथम पाली में 2485 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 111 अनुपस्थित हुए और 2374 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि द्वितीय पाली में 247 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 107 अनुपस्थित रहे और 2370 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केन्द्रों का षिक्षा अधिकारियों व षिक्षा प्रषिक्षण केन्द्र के षिक्षकों ने भी निरीक्षण किया। हर परीक्षा केन्द्र पर कन्ट्रोल रुम बना था जहां से हर कक्ष का आंकलन कम्प्यूटर पर किया गया।

किसानों और गरीबों का हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः सांसद

किसान प्रतिनिधि सम्मेलन एवं कंबल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। साँगीपुर क्षेत्र के पूरे नारायन दास में किसानों का स्वागत समारोह एवम् किसान प्रतिनिधि सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता ने भारत सरकार द्वारा गरीबों एवम् किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और सरकार गरीब और किसानों की हित में लगातार कार्य कर रही है। किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे प्रदेश और देश की सरकार किसानों के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा ने किसानों को उनकी आय दुगुनी करने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को पूर्व प्रत्यासी रामपुर खास नागेश प्रताप सिंह उर्फ छोटे सरकार, ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू, पवन वर्मा जिला मंत्री भाजपा किसान मोर्चा, श्रीनाथ सरोज आदि ने संबोधित किया। संचालन विनोद मिश्रा जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा ने किया। कार्यक्रम का संयोजन सांगीपुर मंडल अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा अमित वर्मा ने किया तथा मुख्य अतिथि को स्थानीय समस्याओं से परिचित कराया। इसके पश्चात सांसद संगम लाल गुप्ता ने मुरैनी गांव में जन चैपाल के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनी व निस्तारण का आश्वासन दिया।

जरुरतमंदों को कम्बल वितरित करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

सामान फेककर भाई को पीटकर किया घायल

पट्टी, प्रतापगढ़। भाई से रंजिश के कारण उसके सामान को कमरे से फेंक कर उसे मारपीट कर जख्मी करती है। पीड़ित भाई ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के असुढीं गांव के रहने वाले विष्णु देव पुत्र रमाशंकर मिश्र ने बताया कि उसके भाई ने उसके सामान को कमरे से बाहर फेंक कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। विरोध करने पर लात घूंसों तथा लाठी-डंडे से पीटकर जख्मी कर दिया।

जनसेवा केंद्र का शटर का ताला तोड़कर नगदी व उपकरण चोरी

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना के अंसारगंज बाजार में विगत दो माह के अन्दर दो अलग हुई चोरी की घटना से ब्यापारियों में आक्रोश ब्याप्त है।

मालूम हो कि थाना क्षेत्र के अंसारगंज बाजार से सटे वीरेंद्र सिंह इंटर कालेज जनवामऊ के सामने बीती रात को अज्ञात चोरों ने शेखपुर हिसामपुर मधवापुर निवासी शिव पूजन पुत्र रामलखन दुबे की किराए के कमरे में खोले दुकान की शटर का ताला तोड़कर लैपटॉप इन्वर्टर, बैटरा व नगदी तीन हजार रुपया चुरा ले गए। सुबह जब बगल के चाय के दुकानदार कमलेश सिह की नजर टूटे शटर पर पड़ी तो हड़कम्प मच गया। लोगो की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी दुकान मालिक शिव पूजन को फोन पर दी। जानकारी मिलते ही भागकर दुकान पहुँचे अन्दर का नजारा देख हक्का बक्का रह गए घटना की सूचना नवाबगंज पुलिस को दी। मौके पर पँहुचे थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने आस पास के लोगो व दुकानदार से पूछ ताछ किया। दुकानदार व आस पास के ब्यापारियों ने बताया कि तीन माह के अंदर तीसरी बार चोरो ने घटना को अंजाम दिया। दो बार ताला तोड़कर रह गए, तीसरी बार नगदी व उपकरण चुरा ले गए। चोरों के आतंक से आस पास के दुकानदार दहशत में है। पीड़ित दुकानदार शिव पूजन ने घटना की तहरीर पुलिस को दी पुलिस जांच में जुटी हुई है।

अन्य क्रिया कलापों में भाग लेने से होगा निरंतन उत्थानः प्राचार्य

हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज के लिये गर्व का विषय है कि प्रो0 राजेंद्र सिंह(रज्जू भय्या) वि0वि0,प्रयागराज द्वारा आयोजित युवोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर सम्पन्न हुई चार जिलों की प्रतियोगिता में हेमवतीनंदन बहुगुणा पी0जी0 कॉलेज, लालगंज, प्रतापगढ़ को प्रहसन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान से नवाजा गया है।

प्रहसन एवं अन्य कार्यक्रम में प्रतिभाग सचिन जोशी, आदर्श पांडे, कंचन वर्मा, सोनम बानो, अंजली बर्मा, अनुष्का मिश्रा, सानिया बानो आदि छात्रों ने प्रतिभाग किया। कालेज के सांस्कृतिक परिषद के छात्रों द्वारा जिले स्तर के कालेजों में एमडीपीजी एवं पीबीपीजी कालेजो में भी अपना परचम लहराया। वर्तमान समय में शिक्षा और संस्कार का हब बन चुका यह कालेज लालगंज नगर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर एवं प्रदेश स्तर पर अपनी कला कौशल का परचम लहरा रहा है। प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने सरस्वती मां को दीपप्रज्वलन करते हुए माल्यार्पण किया। प्राचार्य प्रोफेसर मिश्र ने छात्रों को माला पहनाकर उत्तरोत्तर बढ़ने का आशीर्वाद दिया और कहा कि लक्ष्य प्राप्ति बिना साधना और कड़ी मेहनत का नही मिलता। आप सभी छात्र पढ़ाई के साथ साथ अन्य क्रिया कलापों में भाग लेते रहो जिससे आपका उत्थान निरन्तर होता रहेगा। पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर राजेन्द्र मिश्र ने भी छात्रो को बधाई देते हुए कहा कि जीवन मे प्रगति करना है तो बहुमुखी बनना पड़ेगा। सांस्कृतिक परिषद की वरिष्ठ सदस्य प्रोफेसर ऋचा सुकुमार ने भी छात्रो को अंतर्मन से बधाई दी। सांस्कृतिक के समन्वयक डॉ0 आलोक द्विवेदी ने सभी प्रतिभागी छात्रों को निरन्तर बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि आने वाले समय में सांस्कृतिक कार्यक्रम को कालेज स्तर पर और मजबूत किया जाएगा जिससे छात्रो में गुणात्मक बृद्धि हो। प्रबंधक डॉ बीरेन्द्र कुमार मिश्र एवं प्राचार्य डॉ मिश्र ने महाविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद के समस्त सदस्यो तथा विजेता टीम के सभी प्रतिभागियों को कोटिशः बधाई तथा शुभकामनाएं दी और कहा कि आप लोगों के सत्प्रयास से महाविद्यालय की प्रतिष्ठा एवं गरिमा में वृद्धि हुई है जिसके लिए पूरा महाविद्यालय परिवार प्रशंसा का पात्र हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा त्रिपाठी ने किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।

प्रतिभा सम्मान समारोह में बोलते प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार मिश्र।

सरकारी शीशम के आधा दर्जन हरे पेड़ों को कटवा कर उठा ले गई पुलिस

ग्रामीणों ने थाने के एक दारोगा पर लगाया गंभीर आरोप

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सरकारी शीशम के लगभग आधा दर्जन हरे पेड़ों को कटवा कर पुलिस उठा ले गई। ग्रामीणों ने रोका तो पुलिस ने कहा की दरोगा जी ने कहा है। पूरे प्रकरण का लोगो ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। फिलहाल घटना के दो दिन बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के उधरनपुर के ग्रामीणों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है। लोगो का आरोप है की गांव के मढ़ना नार पर स्थित पुराने शीशम के पेड़ो को बीते 17 दिसंबर को पुलिस ने क्षेत्र के डगरारा के एक ठेकेदार की मदद से लगभग आधा दर्जन हरे शीशम के लाखो की कीमत के पेड़ों को कटवा डाली। जब लोगो ने विरोध किया तो बताया कि दरोगा जी को जरूरत है। इस पर मौजूद दर्जनों लोगो ने वन विभाग के एक तिवारी नाम के व्यक्ति से पुलिस की बात कराई और पीआरवी पुलिस को फोन किया। सभी मौके पर पहुंचे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।लोगो ने पूरे प्रकरण का वीडियो बनाकर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतकारी समेत सोशल मीडिया पर डाल दिया। सेना प्रमुख ने डीएम समेत उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। खबर मिलते ही दरोगा जी भी मौके पर आ गए और काटी गई सभी लकड़ियों को ट्रैक्टर पर लाद कर उठा ले गए। कुछ लकड़ी ठेकेदार को भी दे दिया। पुलिस के इस कारनामे की चर्चा चारो तरफ आग की तरह फैल गई। वहीं इस बाबत कोतवाल का कहना है कि मौके पर जो पुलिस वाले है वह हमारे थाने के नही है। उनका पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

लालगंज में हुई घटना कौन जिम्मेदार?

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय पुलिस क्षेत्र में हुई घटना का आखिर कौन जिम्मेदार है?जब की कोतवाल ने थाने की पुलिस न होने की सफाई दी है।अब दोषियों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी किस पर होगी। विभागीय लोगो को बचाने में कार्रवाई का शिकार कहीं निर्दोष न हो जाए, जब की वायरल वीडियो से साफ जाहिर है कि पुलिस ने ही हरे पेड़ों के कटान की दोषी है। वही पेड़ो की लकड़ियां कहां है अभी भी इसका कुछ पता नहीं है।

विभिन्न समस्याओं को लेकर तेवर मे दिखे वकील, अफसरों को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। साथी अधिवक्ता के खिलाफ केस दर्ज होने तथा तहसील परिसर समेत नेताजीपुरम वार्ड में बंदरो के आतंक को लेकर वकील सोमवार को यहां खफा दिखे। वकीलो ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में तहसील पसिर से लेकर वन विभाग कार्यालय तक जमकर नारेबाजी की। इसके बाद वकीलो ने डीएम को संबोधित तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन मे जिला मुख्यालय पर प्रैक्ट्रिस करने वाले साथी अधिवक्ता शिव नारायण पाण्डेय के खिलाफ बिना जांच के केस दर्ज करने पर वकीलों ने नाराजगी जतायी। तहसीलदार न्यायिक सुप्रिया चतुवेर्दी ने वकीलो का ज्ञापन लेते हुए इसे डीएम को भेजवाए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद वकीलों का जत्था वन विभाग पहुंच गया। यहां डीएम तथा डीएफओ के नाम ज्ञापन देकर नगर के तहसील मुख्यालय के नेताजीपुरम मे बंदरो के आतंक से निजात दिलाए जाने को लेकर वकीलो ने हुंकार भरी। ज्ञापन मे कहा गया है कि नेताजीपुरम के तहसील मुख्यालय, पशु चिकित्सालय, माडल प्राथमिक विद्यालय तथा कोतवाली आदि संस्थानो मे आने जाने वाले लोग भी बंदरो के काटने से चुटहिल हो रहे है। वहीं सरकारी कार्यालयो समेत रिहायशी मकानो मे भी बंदरो के द्वारा उत्पात को चिंताजनक कहा गया। वन क्षेत्राधिकारी एमपी मिश्रा ने शीघ्र समस्या के समाधान का भरोसा दिलाकर वकीलों के आक्रोश को शांत कराया। ज्ञापन दाताओं में पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, टीपी यादव, विनय शुक्ल, लाल विनोद प्रताप सिंह, विपिन शुक्ल, दीपेन्द्र तिवारी, अखिलेश द्विवेदी, मस्तराम पाल, दिनेश मिश्र, शैलेन्द्र शुक्ल, सुशील शुक्ल, धीरेन्द्र शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, शिवाकांत शुक्ला, तपन पाण्डेय, शिवेन्द्र तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

लम्बित विवेचनाओं मे फिसडडीपन देख दरोगाओं पर चढ़ा कप्तान का पारा, एसपी ने लगायी फटकार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। एसपी ने कोतवाली मे लंबित विवेचनाओं को लेकर दरोगाओ की रविवार की देर शाम जमकर क्लास लगायी। लालगंज कोतवाली मे दर्ज हुए साढ़े सात सौ मुकदमो मे मात्र तीन सौ दस का अभी तक निस्तारण देख कप्तान का पारा इस कदर चढ़ा कि थानेदारो के साथ वहां मौजूद सीओ तथा प्रभारी निरीक्षक भी बगले झांकने लगे।

पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल रविवार को देर शाम अचानक लालगंज कोतवाली आ धमके। एसपी ने कोतवाली के अभिलेखो का निरीक्षण करते हुए विवेचनाओं पर नजर डाली तो लंबित विवेचनाओं को देख उनका पारा चढ़ आया। एसपी ने थानेदारो को एक एक कर प्रभारी निरीक्षक के कक्ष मे तलब किया। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज तथा एसआई जावेद अहमद व एसआई योगेन्द्र को पुलिस कप्तान की जमकर डांट झेलनी पड़ी। एसपी ने इन तीनो थानेदारो को फिसडडीपन को लेकर कडी फटकार लगायी। पुलिस कप्तान ने सप्ताह भर का अल्टीमेटम देते हुए दरोगाओं को गुण व दोष के आधार पर विवेचनाएं निस्तारित कराए जाने के तल्ख निर्देश दिये। पुलिस कप्तान विवेचनाओं का बढ़ा ग्राफ देख सीओ की तरफ मुखातिब हुए। सीओ से पर्यवेक्षण के बाबत सवाल भी दागे इस पर सीओ रामसूरत सोनकर बगले झांकने लगे। एसपी की भृकुटी प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल की तरफ तनी दिखी। प्रभारी निरीक्षक को भी एसपी ने जमकर कर्रा किया। कप्तान की फटकार देख सुन प्रभारी निरीक्षक कमलेश हांफ उठे। वहीं पुलिस कप्तान ने थाने के अभिलेखो के रखरखाव को भी दुरूस्त रखने को कहा। महिलाओं एवं अनुसूचित जाति के उत्पीडन के मुकदमो मे वांछितों की गिरफ्तारी हर हाल मे सुनिश्चित करने का भी उन्होनें मातहतो को कडा फरमान सुनाया। इसके बाद एसपी सांगीपुर थाने पहुंच गये। वहां भी उन्होनें मुकदमों के निस्तारण तथा पीडितो के प्रार्थना पत्रो मे लापरवाही पर थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह को जमकर खरी खोटी सुनाई। एसपी का तल्ख पारा देख सीओ रामसूरत सोनकर लालगंज से सांगीपुर तक उन्हें समुचित प्रगति का भरोसा दिलाने मे ऐडी चोटी का जोर लगाये दिखे। देर रात तक लालगंज सर्किल मे पुलिस कप्तान की मौजूदगी को लेकर उदयपुर तथा संग्रामगढ़ एवं लीलापुर थानो मे भी मातहत अनहोनी की आशंका से अफरातफरी मे दिखे।

लालगंज कोतवाली में निरीक्षण करते एसपी सतपाल अंतिल।

प्रवक्ता पद के चयन में पांचवी रैंक लाने वाले सुनील कुमार का हुआ सम्मान

एलायंस क्लब इंटरनेशनल ने किया आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज में पांचवी रैंक प्राप्त कर नियुक्ति पत्र एवं माननीय मुख्यमंत्री से संवाद के लिए प्रतापगढ़ जनपद से आमंत्रित किए जाने वाले होनहार युवक सुनील कुमार यादव को महुली स्थित रेखा सदन में सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि नवनियुक्त प्रवक्ता सुनील कुमार यादव को नियुक्ति पत्र तथा व्यक्तिगत संवाद के लिए माननीय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने लखनऊ के लोकभवन सभागार में बुलवाया, उन्हें नियुक्ति पत्र देने के साथ-साथ व्यक्तिगत संवाद भी किया। माननीय मुख्यमंत्री जी सुनील कुमार यादव के व्यक्तित्व तथा प्रतिभा की प्रशंसा भी की। रेखा सदन में एलायंस क्लब इंटरनेशनल की निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य ने साल, स्मृति चिन्ह तथा उपहार देकर सम्मानित करते हुए कहा कि यह प्रतापगढ़ जनपद के लिए बड़े गौरव की बात है कि जनपद से संवाद के लिए अकेले सुनील कुमार यादव को बुलाया गया। श्री यादव में अकूत प्रतिभा है भविष्य में उनके द्वारा और भी उल्लेखनीय कार्य किए जाएंगे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व बाल न्यायाधीश एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि प्रतापगढ़ प्रतिभाओं की खान है। सुनील कुमार यादव जैसे युवा शिक्षा उद्बोधन सहित हर क्षेत्र में जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा ने कहा कि प्रतिभाएं अपना मुकाम बना ही लेती हैं उनके कार्यो के कारण इतिहास में उनका नाम दर्ज हो जाता है। सम्मान समारोह में छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार,विवेक कुमार, विनोद कुमार, विष्णुकांत मिश्रा, प्रदीप पाल, प्रशांत पांडे, आशीष कुमार, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

सुनील यादव को सम्मानित करते पदाधिकारीगण।

मॉडल चयनित होने पर मोहम्मद फहद को फादर ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राज्य विज्ञान प्रदर्शनी 2022 मैं राजधानी लखनऊ में मोहम्मद फहद अनीश कक्षा 7 सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ने अपने राज्य स्तर के लिए चयनित मॉडल भूकंप रोधी अलार्म के साथ प्रतिभाग किया और प्रदर्शनी के आकर्षण का केंद्र रहा। सभी लोगों द्वारा सराहा गया। इनके मॉडल और राइट अप की सीडी और पेनड्राइव और इनकी प्रोजेक्ट फाइल राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद नई दिल्ली को अधिकारियों के निरीक्षण के लिए भेजा गया है। प्रदर्शनी में इनको संयुक्त शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी एवं प्रदर्शनी के नोडल अधिकारी एवं उप शिक्षा निदेशक डॉक्टर ओम प्रकाश मिश्रा द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। लखनऊ से लौटने पर आज विद्यालय में फादर केवी आनंद ने मोहम्मद फहद अनीस को सम्मानित और पुरस्कृत किया।

दुकानदार को धोखा देकर लगाया तीस हजार का चूना

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। श्रृंगार की दुकान पर सामान लेकर आए डिलीवरी ब्वॉय सामान देकर 30 हजार रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित ने इस संबंध में कंधई थाने में शिकायत पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। कंधई थाना क्षेत्र के वारीकला गांव के रहने वाले हरिश्चन्द्र मौर्य ने बताया कि वह रविवार को सुबह 9 बजे एक डिलीवरी ब्वाय 56 हजार का सामान लेकर आया। दुकानदार ने उसे लेकर निर्धारित रुपये का भुगतान किया और जब बिल वाउचर मांगा तो वह आनाकानी करते हो वहां से भाग लिया। पैकिंग खोल कर उसने देखा तो उसमें सिर्फ 20 हजार रुपये का सामान था। पीड़ित दुकानदार ने इस संबंध में कंधई थाने में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

चार दिन से आमरण अनशन पर बैठे पुजारी की बिगड़ी तबीयत

मंदिर की सुरक्षा का दावा करने वाली मोदी योगी सरकार के अधिकारी मंदिर की दुर्दशा कर हिंदुओं की आस्था से लगे है खिलवाड़ करने

मोदी सरकार में हिंदू आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं एनएचआई के अधिकारी

मंदिर के बाहर अनशन में बैठे भक्तों, आमरण अनशन कर रहे मंदिर के पुजारी।

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशाम्बी। राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण के चलते प्राचीन हनुमान मंदिर को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जा रहा है हिंदू धर्म की आस्था से खिलवाड़ को लेकर पुजारी ने पूर्व में आंदोलन किया था लेकिन फिर भी एनएचआई के तुर्रम खान अधिकारी मंदिर को हटाने में लगे हैं और उनके द्वारा दूसरे स्थान पर छोटा सा मंदिर बनवाया जा रहा है मंदिर की सुरक्षा का दावा करने वाली मोदी योगी सरकार के अधिकारी मंदिर की दुर्दशा कर हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने में लगे हैं जिससे आक्रोश पनप रहा है हिंदू धर्म की आस्था और मंदिर हटाए जाने की जिद पर अड़े एनएचआई के अधिकारियों के तुगलकी फरमान से आक्रोशित पुजारी ने चार दिनों पहले अन्न जल त्याग कर आमरण अनशन शुरू कर दिया है 4 दिन से अन्न जल त्याग करने वाले पुजारी की हालत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही लेकिन अधिकारी उसकी सुधि लेने को तैयार नहीं है तुगलकी फरमान देने वाले अधिकारी पुजारी के सामने झुकने में अपनी बेइज्जती महसूस कर रहे हैं और पुजारी भी अपनी जिद पर अड़े हैं कि वह आस्था और धर्म से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे बल्कि अपने प्राण त्याग देंगे।

पुजारी का कहना है कि छोटे स्थान पर मानक विहीन मंदिर का निर्माण एनएचआई के अधिकारी कर रहे हैं इसके विरोध में मंदिर के पुजारी ने 4 दिनों पहले आमरण अनशन शुरू कर दिया है सोमवार को मंदिर के पुजारी की तबीयत खराब होने लगी है लेकिन मंदिर के पुजारी आमरण अनशन तोड़ने को तैयार कतई नहीं है कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव के पूर्व दिशा में 300 वर्ष पुराना आस्था का प्रतीक हनुमान जी का सिद्धपीठ मंदिर स्थापित है आस्था के प्रतीक इस हनुमान मंदिर में प्रत्येक वर्ष लाखों भक्त पूजा अर्चन प्रभु का दर्शन करने पहुंचते हैं बताया जाता है कि इस मंदिर के नीचे कई संत साधुओं की समाधि स्थल है और मंदिर के नीचे बड़ा खजाना भी दबा हुआ है एनएचआई द्वारा एनएच 2 को सिक्स लेन चौड़ीकरण किया जा रहा है जिसके किनारे कशिया पश्चिम में स्थित हनुमान जी के अति प्राचीन मंदिर को स्थानांतरित किया जा रहा है मंदिर हटाने के दौरान बनाए जा रहे नए भवन में कार्यदाई संस्था द्वारा घटिया निर्माण किया जा रहा है घटिया सामग्री एवं मुआवजा काफी कम होने से दुखी एवं नाराज होकर पुजारी प्रवीण पांडेय ने ग्रामीणों के साथ विगत 4 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं 4 दिनों से अन्न जल छोड़कर आमरण अनशन में बैठे पुजारी की तबीयत सोमवार को अचानक खराब होने लगी है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल रहा है।

राज्य स्तरीय टीम का चार दिवसीय दौरा पूरा

जानी कोटपा अधिनियम के अनुपालन की वास्तविक स्थिति

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। लखनऊ से आई राज्य स्तरीय टीम व गिरि विकास अध्ययन संस्थान, अलीगंज ने जनपद में 14 से 17 दिसंबर तक कोटपा अधिनियम-2003 के सम्बन्ध में अनुपालन स्थिति को देखा। टीम द्वारा जनपद में तम्बाकू उत्पाद अधिनियम -2003 की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट राज्य स्तर पर प्रेषित की जाएगी।

इस दौरान टीम ने जनपद में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम -2003 की धारा- 4 , 5 , 6 एवं 7 के अनुपालन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए शनिवार को जनपद के शहरी क्षेत्र एवं ,ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुषेंद्र कुमार ने बताया कि ह्राज्य स्तरीय टीम व गिरि विकास अध्ययन संस्थान ने जनपद में सभी सरकारी,गैर सरकारी स्कूलों और सरकारी संस्थान, चिकित्सा इकाई व सार्वजनिक निकट बाजारों आदि का भ्रमण किया। जिसमे नोडल अधिकारी जिला तम्बाकू प्रकोष्ठ डॉ के०डी० सिंह, पुनीत श्रीवास्तव रीजनल कोआर्डिनेटर, उ.प्र वॉलेन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन, जिला कार्यक्रम समन्वयक विष्णु गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम सहायक वैभव कुमार सिंह ने भी सहयोग प्रदान किया गया। टीम द्वारा तम्बाकू उत्पाद अधिनियम -2003 की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट राज्य स्तर पर प्रेषित की जाएगी।

सीओ के साथ कोतवाल ने किया पैदल भ्रमण

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर की सड़कों में पैदल भ्रमण कर कानून व्यवस्था की जानकारी लेने के लिए क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर उपनिरीक्षक भारी पुलिस फोर्स के साथ मंझनपुर कस्बे की सड़कों में पैदल किया पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की संदिग्ध वाहनों और वस्तुओं की पुलिस टीम ने चेकिंग की तथा दो पहिया वाहन में बिना हेलमेट और तीन सवारी के यात्रा कर रहे लोगों को हिदायत देते हुए चालान किया चार पहिया वाहन की भी पुलिस टीम ने जांच की और इस दौरान सीट बेल्ट ना लगाने वाले चार पहिया वाहन चालकों का पुलिस टीम ने चालान किया और हिदायत दिया कि वह कानून नियम का पालन कर वाहन चलाएं पैदल भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी और कोतवाल ने कस्बे क्षेत्र के व्यक्तियों से बातचीत कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया और उन्हें सुरक्षा का अहसास कराया।

नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मियों को वितरित किया गया जूता एवं जैकेट

अखंड भारत संदेश

हर्रायपुर कौशाम्बी। ठंड का सीजन शुरू होते ही सरकार के निर्देश पर नगर पालिका परिषद भरवारी के सफाई कर्मियों को एसडीएम और अधिषासी अधिकारी ने जैकेट और जूता वितरित किया है सफाई कर्मियों को जूता एवं जैकेट वितरण करने के बाद एसडीएम दीपेंद्र यादव ने तमाम पदाधिकारियो के साथ नगर पालिका परिषद भरवारी के गार्डन का निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद भरवारी में शनिवार को सफाई कर्मियों को जूता एवं जैकेट वितरण के दौरान एसडीएम न्यायिक दीपेंद्र यादव योगश अधिषासी अधिकारी गिरीश चंद्र लिपिक बबलू गौतम जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा सूरज यादव भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अशोक केसरवानी हर्ष केसरवानी राहुल मिश्रा वेदांत उपाध्याय अवर अभियंता अवधेश कुमार जीप्पी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

अचानक घर में लगी आग गृहस्थी जलकर खाक

कौशांबी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बराइसा गांव के मजरा गढ़वा का पुरवा में 15 दिसंबर को संतरा देवी पत्नी शंकरलाल के घर में अचानक आग लग गई आग लगने से कपड़ा बर्तन बिस्तर अनाज पशुओं को चारा के लिए रखा पुआल बल्ली सहित गृहस्थी का अन्य सामान जलकर खाक हो गया है संतरा देवी के परिजनों का कहना है कि पड़ोस के लोगों ने नीचे अपने हिस्से में आग लगाई थी जिसकी लपट से उनके घर में आग लगी है और उनका सब सामान जल गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

हासिमपुर किनार ग्राम में लगा है भ्रष्टाचार का बड़ा अंबार

जांच कराकर दोषियों को दंडित करने के मामले में लापरवाही बरत रहे विभागीय अधिकारी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। विकासखंड नेवादा के अंतर्गत ग्राम पंचायत हासिमपुर किनार में भ्रष्टाचार का अंबार लगा है प्रत्येक विकास योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान मिलकर सरकारी योजनाओं को पलीता लगाकर मालामाल हो रहे हैं वर्षों से गांव में व्याप्त भ्रष्टाचार धांधली के मामले में एडीओ पंचायत नेवादा और खंड विकास अधिकारी नेवादा ने मामले को संज्ञान लेकर जांच कराकर दोषियों को दंडित नहीं किया है इतना ही नहीं जिला पंचायत राज अधिकारी भी प्रधान और पंचायत सचिव पर मेहरबानी बनाए हुए हैं जिससे योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन की धज्जियां उड़ रही हैं।

गौरतलब है कि चायल तहसील क्षेत्र के नेवादा विकासखंड अंतर्गत हासिमपुर किनार गांव में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शौचालय निर्माण की रकम लाभार्थियों को भेजकर खाते से निकाल ली गई है लेकिन दो-तिहाई शौचालय उपयोग लायक नहीं है वर्षों बीत जाने के बाद जांच नहीं कराई गई है गांव में इंटरलॉकिंग सीसी रोड और नाली निर्माण में मानक की धज्जियां उड़ाते हुए मनमानी तरीके से कार्य कराए जा रहे हैं लेकिन सब कुछ जानकारी होने के बाद भी एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी ने भ्रष्टाचार में लिप्त पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान पर कार्यवाही कर सरकारी खजाने को सुरक्षित करने का प्रयास नहीं किया है ग्राम पंचायत में धांधली का आलम यह है कि लगभग पौने दो लाख रुपए की रकम खर्च कर गांव में मिनी सचिवालय में कंप्यूटर कुर्सी आदि लगाए गए थे लेकिन अभी तक कंप्यूटर योजना ग्राम पंचायत में सफल नहीं हो सकी है इतना ही नहीं भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान का हौसला इस कदर बुलंद है कि गांव में एलईडी लाइट खरीद के नाम पर बड़े घोटाले किए गए हैं घटिया क्वालिटी की एलईडी लगाकर ब्रांडेड कंपनी का बिल लगाकर भुगतान कराए गए हैं।

वर्षों से ग्राम पंचायत में बेखौफ तरीके से धांधली हो रही है पंचायत विभाग के आला अधिकारी धृतराष्ट्र बनकर तमाशा देख रहे हैं मामले को लेकर ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन जांच उसी को सौंप दी जाती है जो भ्रष्टाचार में हिस्सेदार है जिससे ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग सका है ग्रामीणों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ग्राम प्रधान पंचायत सचिव एडीओ पंचायत नेवादा खंड विकास अधिकारी नेवादा और डीपीआरओ के कारनामों की जांच कराते हुए भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर विभागीय कार्यवाही के साथ-साथ घोटाले के मामले में मुकदमा दर्ज करा कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की है लेकिन क्या योगी सरकार में पंचायत विभाग के भ्रष्टाचार के मामले में निष्पक्ष जांच हो पाएगी यह योगी सरकार की व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं यदि निष्पक्ष जांच हुई तो लाखों की रिकवरी अधिकारियों के वेतन से हो सकती हैं।

नेशनल एंटी करप्शन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने नरेश चंद्र केसरवानी

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया की एक बैठक 16 दिसंबर को मूरतगंज में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता एंटी कनेक्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने किया इस बैठक में नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी आफ इंडिया के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश व्यापार सभा के अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन नरेश चंद्र केसरवानी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ बनाए जाने के निर्णय लिया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने नरेश चंद्र केसरवानी पूर्व चेयरमैन को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ बनाए जाने की घोषणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा किए जाने के बाद उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से नरेश चंद्र केशरवानी का स्वागत और समर्थन किया है इस मौके पर एडवोकेट सीताराम विश्वकर्मा नसीम राइन अशोक कुमार कौशल मुकीम अहमद सिद्धकी सहित तमाम लोग मौजूद है।

चरवा ईओ के खिलाफ लामबंद हुए भारतीय किसान मजदूर सयुक्त यूनियान के कार्यकर्ता

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। भारतीय किसान मजदूर सयुक्त यूनियान के जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय की अगुवाई में सैकोड़ो किसान नगर पंचायत कार्यलय चरवा में धरने पर बैठ गए अधिशाषी अधिकारी चरवा के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी 11 सूत्रीय मांगो को लेकर उप जिला अधिकारी चायल को ज्ञापन दिया गया जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने बताया कि चरवा नगर पंचायत जब से बनी है आज तक नया कार्य इन्टरलाकिंग नही हुआ साथ ही आज तक राशनकार्ड ऑनलाइन कराने के बाद भी राशन नही दिया जाता वही वार्ड न 9 सरदार पटेल नगर में तालाबी रकबा से जेसीबी लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जाता है साथ ही गौशाला में आवारा पशुओं को नही रक्खा जाता है जिससे किसानों की फसल नष्ट होती है वही हैंडपंपो में भी ईओ चरवा की मिलीभगत से अपात्रो के यंहा लगवा दिया गया है जिससे गरीब किसान सिर्फ परेशान रहता है।

प्रदर्शन करते भारतीय किसान मजदूर यूनियन के नेता।

विवादित मन्दिर और किले का दौरा करेंगे हिन्दू जागरण मंच के प्रान्त संगठन मंत्री

कौशाम्बी। जिले में हिंदू धर्म के प्रतीक स्थल कड़ाधाम स्थित राजा जयचंद किले तथा मुख्यालय मंझनपुर में मन्दिर पर अतिक्रमण व मस्जिदों से लगातार न्यायालय के आदेश के बाद हो रहे आजान के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रांत के संगठन मंत्री और प्रांत की टीम को भेजा है। यह टीम 20 दिसंबर को जिले के विभिन्न स्थानों का दौरा कर हकीकत राष्ट्रीय नेतृत्व को बताएगी। इसके साथ संगठन 20 दिसंबर को जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत चौराहे पर शाहरुख खान द्वारा बनाई गई पठान मूवी में बेशर्म रंग गाने में भगवा कपड़ा पहने जाने का विरोध कर प्रदर्शन करेगी। इस बात की जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने दिया।

निकाय चुनाव तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी व राष्ट्रीय मंत्री सांसद विनोद सोनकर की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मुख्यालय मंझनपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी की जिला कार्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर पार्टी कि नगर निकाय के चुनाव तैयारियों के साथ संगठन के कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व सांसद विनोद सोनकर जिला प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे।

इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में एकात्मक की विचार धारा को लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्रवाद को मजबूत करने को लेकर किया गया। जिसमें परिवार वाद से इतर एक ऐसे लोकतांत्रिक व्यवस्था को खड़ा करने की सोच मौजूद रही। अब हम सभी पार्टी के कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि वह इस विचारधारा को आम जनमानस तक पहुंचा कर सभी को लाभान्वित करें। कार्य समिति के बैठक पार्टी के एजेंडे को किया गया। इस मौके पर बोलते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने आज देश को जो हम मजबूत ही दिलाई कि पूरा विश्व हमें नेता मान रहा है। अभी हाल के ही दिनों में जी-20 देशों के समूह ने भारत को अपना अध्यक्ष नियुक्त किया है और यह आजादी के बाद पहला मौका है। जब पूरे विश्व के 65% क्षेत्र में अपनी पहुंच रखने वाले कि संगठन का अध्यक्ष भारत बना है। इस मौके पर उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से मन की बात को सुनने के लिए जिले के हर बूथ पर कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस मौके पर प्रमुख रूप से धर्मराज मोर्या, अजय त्रिपाठी, जय चन्द्र मिश्रा, वेद प्रकाश सत्यार्थी, तारा वर्मा, प्रतिभा कुशवाहा, चक्रेश मिश्रा, संजय जयसवाल, अजय पाण्डेय, शीलू पाण्डेय, सुधीर मिश्रा, अरविंद द्विवेदी, दिनेश पांडे, रमेश, कविता केसरवानी, सोनिया राजपूत, बनवारी लाल पांडे, कृष्ण कुमार, बबलू गर्ग, रिंकू मौर्य, सुरेन्द्र मिश्रा, द्रोण तिवारी, दीप चन्द्र दिवाकर, महेश लोधी, दिलीप अग्रहरी, जितेन्द्र साहू आदि लोग मौजूद रहे।

ट्रेन के चपेट में आने से किशोरी की मौत

हर्रायपुर कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी अंतर्गत सैता रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार को एक किशोरी की ट्रेन हादसे में मौत हो गई है बताया जाता है कि किशोरी का दिमागी संतुलन ठीक ना होने के कारण ट्रेन के चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार किशोरी रचना देवी उम्र 16 वर्ष पुत्री अशोक कुमार निवासी सैता मूरतगंज थाना कोखराज शनिवार को रेल लाइन पार कर रही थी इसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गयी जिससे उसकी मौत हो गई है जानकारी मिलने पर मौके पर स्थानीय मूरतगंज पुलिस चौकी के इंचार्ज पुलिस के जवानों के साथ पहुँचे और मृतक किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पापकार्न मेकिंग मशीनों का किया गया वितरण

कौशाम्बी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आरएस पाल द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनपद को आवंटित 10 लक्ष्य के सापेक्ष 05 मशीनें प्राप्त हुई थी प्राप्त मशीनों का निःशुल्क वितरण भुर्जी समाज के परम्परागत कारीगरों यथा-लालजी पुत्र गंगा, ग्राम व पोस्ट बारातफारीक सिराथू मोनी पत्नी मनोज कुमार ग्राम व पोस्ट ओसा मझनपुर राम कुमार पुत्र बूदा गुप्ता ग्राम व पोस्ट बारातफारीक सिराथू बांके लाल पुत्र अयोध्या प्रसाद ग्राम व पोस्ट ओसा मंझनपुर एवं राकेश कुमार पुत्र रामराज ग्राम साढ़ो पोस्ट भडेहरी कड़ा को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वितरण किया गया इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर बहन की मौत भाई गंभीर

जेल में बंद बेटे से मिलने भाई के साथ महिला जा रही थी कारागार

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी। कोखराज थाना के टेंगाई चौराहा के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार भाई बहन घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान बहन की मौत हो गई। घटना सोमवार की दोपहर की है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के धमनी गांव के अशोक कुमार पुत्र अमित कुमार मौर्या 45 वर्ष अपनी बहन निर्मला देवी 53 वर्ष निवासी शहजादपुर को बाइक में साथ में लेकर जिला जेल मंझनपुर टेवा जा रहे थे जैसे ही उनकी बाइक कोखराज थाना के टेंगाई गांव के पास पहुंची सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार भाई बहन को टक्कर मार दिया जिससे दोनों लहुलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला टेंवां स्थित जेल में निरुद्ध अपने बेटे से मिलने जा रही थी सूचना पर पहुंची कोखराज पुलिस ने ट्रक को पकड़ कर चालक को हिरासत में ले लिया है और मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़।

सीडीओ ने की जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति एवं जनपदीय टास्क फोर्स की बैठक



बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी, बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी।

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा सरस हॉल में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा जनपदीय टास्क फोर्स की बैठक की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन बच्चों के अभिभावकों के खाते में यूनिफार्म जूता-मोजा व बैग के लिए पैसा हस्तान्तरित हो गया है उन सभी अभिभावकों को ग्राम प्रधान व कोटेदार की उपस्थिति में ब्लॉकवार गोष्ठी कर जागरूक किया जाय उन्होंने पाठ्य-पुस्तक के वितरण की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी विद्यालयों में निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों के वितरण को अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाय उन्होंने निपुण भारत मिशन को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पर विशेष प्रयास कर प्रगति लाने के निर्देश दिये उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेरणा ऐप पर निरीक्षण आख्या भी अपलोड करने के निर्देश दियें मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कराकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को शेष रह गये कार्यों को भी तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें ताकि शत-प्रतिशत संस्तृप्तीकरण के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त कर लिया जाय। उन्होंने उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक नियमित रूप से कराने के भी निर्देश दियें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं का आधार प्रमाणीकरण समेकित शिक्षा मध्यान्ह भोजन सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण एवं जर्जर भवनों को समिति के माध्यम से मूल्यांकन कराकर आवश्यक कार्यवाही करने आदि की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं डीपीआरओ बालगोविन्द श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

स्मार्ट वैल्यू कंपनी ने झांसा देकर फर्जी तरीके से ग्रामीण महिलाओं को लूटा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। नौकरी देने के नाम पर पहले महिलाओं से ठगी करना फिर रकम मांगने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित महिला ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर ठगी करने वाले स्मार्ट वैल्यू कंपनी के लोगों पर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के गुलामी पुर गांव की रहने वाली उषा देवी की बेटी को नौकरी देने के नाम पर 15000 से अधिक की रकम उससे ठग ली गई लेकिन उषा देवी की लड़की को नौकरी नहीं मिल सकी बल्कि उसे प्रोडक्ट का सामान खाने के लिए दे दिया गया जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई जिस पर उसने अपनी 15000 की रकम की मांग की 15000 देने के बजाय कंपनी के लोगों ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है।

इसी प्रकार करारी थाना क्षेत्र के शुक्लन का पुरवा गांव की रहने वाली माया देवी पत्नी राजाराम के साथ भी उसकी बेटी को अच्छी शिक्षा और नौकरी देने के नाम पर राधा देवी और चंद्रप्रकाश मौर्या ने 27000 की रकम ठग ली है पीड़ित महिलाओं ने थाना अध्यक्ष मंझनपुर से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने और अपनी रकम वापस दिलाए जाने की मांग की है।

एफएमडी टीकाकरण टीम को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश



वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम।

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से एफ एमडी टीकाकरण (पशुओं में खुरपका एवं मुँहपका के बचाव के लिए) टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के समस्त गोवंशीय/महिषवंशी पशुओं को खुरपका व मुँहपका रोग का निःशुल्क एफ0 एम0डी0 टीकाकरण टीम द्वारा घर-घर जाकर टीका लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान दिनांक 19 दिसम्बर 2022 से 01 फरवरी 2023 तक चलाया जाएगा।

घर से ट्रैक्टर उठा ले गए चोर

अखंड भारत संदेश

कल्यानपुर कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी टेडीमोड शहजादपुर के अंतर्गत टेंगाई गांव में घर के अंदर खड़ा ट्रैक्टर को आधी रात को चोर उठा ले गए हैं सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया गया है लेकिन खबर लिखे जाने तक ट्रैक्टर का सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है।

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के टेंगाई गांव में मंझनपुर रोड के किनारे राम किशन पुत्र हीरालाल का घर बना हुआ है रविवार की रात गेट की कुंडी तोड़ कर घर के अंदर खड़ा ट्रैक्टर पावर ट्रैक 439 को चोर उठा ले गए हैं ट्रैक्टर चोरी चले जाने की जानकारी परिजनों को सुबह हुई है जिस पर उनके होश उड़ गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक चोरी गए ट्रैक्टर का सुरागरसी पुलिस नहीं कर सकी है।

संपादकीय

जबरदस्ती की जीएम सरसों

'जीएम' खाद्यों से जो अनेक स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी हैं वे विशेषकर तिलहन फसलों के संबंध में और भी गंभीर हैं क्योंकि इनसे प्राप्त खाद्य तेलों का उपयोग लगभग सभी तरह के भोजन में होता है। सरसों की तो पत्तियां खाई जाती हैं व इसका औषधीय उपयोग भी होता है। 'जीएम' सरसों का प्रवेश बहुत ही खतरनाक होगा। अनेक विशेषज्ञ पहले ही बता चुके हैं कि 'जीएम' सरसों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने के दावे निराधार हैं। हाल में 'जीएम' (जेनेटिकली मॉडीफाइड) सरसों पर विवाद फिर तेज हुआ है क्योंकि इसके साथ भारत में इन फसलों की शुरूआत की जा रही है। 'जीएम' फसलों के विरोध की एक मुख्य वजह यह रही है कि ये फसलें स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित नहीं हैं तथा उसका असर 'जेनेटिक प्रदूषण' के माध्यम से अन्य सामान्य फसलों व पौधों में फैल सकता है। इस विचार को 'इंडिपेंडेंट साईंस पैनल' ने बहुत सारगर्भित ढंग से व्यक्त किया है। इस पैनल में शामिल विश्व के अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने 'जीएम' फसलों पर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया जिसके निष्कर्ष में उन्होंने कहा कि- 'जीएम फसलों के बारे में जिन लाभों का दावा किया गया था वे प्राप्त नहीं हुए हैं। अब इस बारे में व्यापक सहमति है कि इन फसलों का प्रसार होने पर 'ट्रान्सजेनिक प्रदूषण' से बचा नहीं जा सकता। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि 'जीएम' फसलों की सुरक्षा प्रमाणित नहीं हो सकी है। इसके विपरीत पर्याप्त प्रमाण हैं जिनसे इन फसलों की सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई तो स्वास्थ्य व पर्यावरण की ऐसी क्षति होगी जिसे फिर ठीक नहीं किया जा सकता। 'जीएम' फसलों को अब दृढ़ता से खारिज कर देना चाहिए।' वैज्ञानिकों के मुताबिक इन फसलों से जुड़े खतरे का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि जब वे पर्यावरण में फैलेंगे तो उन पर हमारा नियंत्रण नहीं रह जाएगा। 'जेनेटिक प्रदूषण' का मूल चरित्र ही ऐसा है। वायु-प्रदूषण या जल-प्रदूषण के कारणों का पता लगाकर उन्हें नियंत्रित किया जा सकता है, पर पर्यावरण में पहुंचा 'जेनेटिक प्रदूषण' हमारे नियंत्रण से बाहर हो जाता है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को केवल इस लिए परेशान किया गया या उनका अनुसंधान बाधित किया गया क्योंकि उनके अनुसंधान से 'जीएम' फसलों के खतरे पता चलने लगे थे। इसके बावजूद निष्ठावान वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों से 'जीएम' फसलों के गंभीर खतरों को बताने वाले दर्जनों अध्ययन उपलब्ध हैं। जैफरी एम. स्मिथ की पुस्तक 'जेनेटिक रूलेट : द गेम्बल ऑफ अवर लाइफ' के 300 से अधिक पृष्ठों में ऐसे दर्जनों अध्ययनों का सार-संक्षेप उपलब्ध है। किताब में चूहों पर हुए अनुसंधानों में पेट, लिवर, आंतों जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण अंगों के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने, 'जीएम' उत्पाद खाने वाले पशु-पक्षियों के मरने या बीमार होने और इनसे मनुष्यों में भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का वर्णन है। जब 2009-10 में भारत में 'बीटी' बैंगन के संदर्भ में 'जीएम' के विवाद ने जोर पकड़ा तो विश्व के 17 विख्यात वैज्ञानिकों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस बारे में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करवाई। पत्र में कहा गया कि 'जीएम' प्रक्रिया से गुजरने वाले पौधे का जैव-रसायन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है जिससे उसमें नए विषैले तत्वों का प्रवेश हो सकता है और उसके पोषक गुण कम या बदल सकते हैं। जीव-जंतुओं को 'जीएम' खाद्य खिलाने पर आधारित अनेक अध्ययनों से गुर्दे (किडनी), यकृत (लिवर), पेट व निकट के अंगों (गट), रक्त-कोशिकाओं, रक्त- जैव-रसायन व प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी सिस्टम) पर नकारात्मक असर सामने आ चुके हैं। 'जीएम' फसल 'बीटी' कपास या उसके अवशेष खाने या ऐसे खेत में चरने के बाद अनेक भेड़-बकरियों के मरने व अनेक पशुओं के बीमार होने के समाचार मिले हैं। डा. सागरी रामदास ने इस मामले पर विस्तृत अनुसंधान किया है। उनके मुताबिक ऐसे मामले विशेषकर आंध्रप्रदेश, हरियाणा व तेलंगाना में सामने आए हैं, पर अनुसंधान-तंत्र ने इस पर बहुत कम ध्यान दिया है। भेड़-बकरी चराने वालों ने स्पष्ट बताया कि सामान्य कपास के खेतों में चरने पर ऐसी स्वास्थ्य समस्याएं पहले नहीं देखी गईं, 'जीएम' फसल के आने के बाद ही ये समस्याएं देखी गईं हैं। हरियाणा में दुधारू पशुओं को 'बीटी काटन' बीज व खली खिलाने के बाद उनमें दूध कम होने व प्रजनन की गंभीर समस्याएं सामने आईं हैं। कृषि व खाद्य क्षेत्र में 'जेनेटिक इंजीनियरिंग' मात्र छः-सात बहुराष्ट्रीय कंपनियों व उनकी सहयोगी या उप-कंपनियों के हाथ में केंद्रित है। ये कंपनियां पश्चिमी देशों, विशेषकर अमेरिका की हैं। इनका उद्देश्य 'जेनेटिक इंजीनियरिंग' के माध्यम से विश्व कृषि व खाद्य व्यवस्था पर ऐसा नियंत्रण स्थापित करना है जैसा विश्व इतिहास में आज तक नहीं हुआ है। हाल ही में देश के महान वैज्ञानिक प्रोफेसर पुष्प भार्गव का निधन हुआ है। वे 'सेण्टर फॉर सेल्यूलर एंड मॉलीक्यूलर बॉयलाजी, हैदराबाद' के संस्थापक-निदेशक व 'नेशनल नॉलेज कमीशन' के उपाध्यक्ष रहे। सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. पुष्प भार्गव को 'जेनेटिक इंजीनियरिंग एप्रूवल कमेटी' (जीईएसी) के कार्य पर निगरानी रखने के लिए नियुक्त किया था। प्रो. पुष्प भार्गव ने प्रखरता के साथ 'जीएम' फसलों का बहुत स्पष्ट और तथ्य आधारित विरोध किया। 'बिजनेस लाईन' (नवंबर 5, 2015) में 'द केस फॉर बैनिंग जीएम क्राप्स' या 'जीएम फसलों पर प्रतिबंध लगाना क्यों जरूरी है' शीर्षक से उन्होंने एक महत्वपूर्ण लेख लिखा था। इसमें उन्होंने लिखा, 'आज संदेह से परे बहुत से प्रमाण हैं कि जीएम फसलें मनुष्यों व अन्य जीवों के स्वास्थ्य के लिए, पर्यावरण व जैव-विविधता के लिए हानिकारक हैं।' इसी लेख में उन्होंने कहा, 'यदि हम सही विज्ञान के प्रति प्रतिबद्ध हैं व अपने नागरिकों को स्वस्थ्य भोजन उपलब्ध करवाना चाहते हैं तो हमने जैसे 'जीएम' बैंगन पर प्रतिबंध लगाया था वैसे ही हमें 'जीएम' सरसों पर भी प्रतिबंध लगा देना चाहिए। हमें सभी जीएम फसलों को 'नहीं' कह देना चाहिए।

भारत सक्षम है मानव-एकता को बल देने में

ललित गर्ग

अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मानवीय एकता के महत्व को बताने के लिए, गरीबी पर अंकुश लगाना और विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विविधता में एकता दशार्नें, विभिन्न सरकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए समझौतों को याद दिलाने, लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, गरीबी को मिटाने के नए रास्ते खोजने एवं लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए इस दिवस का विशेष महत्व है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता का दायित्व भारत ने संभाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ है भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, ह्लसंयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है।ह्व अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल

पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। ह्यमिलेनियम डिक्लेरेशनह्ल को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।ह्व ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है।

गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा।

> तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं। इसी मानव-सेवा की मूल भावना मानव एकता दिवस का हार्द है।
>
> सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है

जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दुःख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं। देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है।

तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं।ह्व इसी मानव-सेवा की मूल भावना मानव एकता दिवस का हार्द है।

सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इस दृष्टि से विश्व मानव एकता दिवस की उपयोगिता बढ़-चढ़ कर सामने आ रही है। इसलिये ऑड्रे हेपबर्न ने कहा था कि जब तक दुनिया अस्तित्व में है, अन्याय और अत्याचार होते रहेंगे। जो लोग सक्षम और समर्थ हैं, उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि वे लोग अपने से निर्बल लोगों को भी स्नेह दें। विश्व मानव एकता दिवस दुनिया भर में मानवीय जरूरतों पर ध्यान आकर्षित करने की मांग करता है और इन जरूरतों को पूरा करने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व की आवश्यकता को व्यक्त करता है। हर साल, आपदाओं एवं मानव-भूलों से लाखों लोगों विशेषतः दुनिया के सबसे गरीब, सबसे हाशिए पर आ गये लोग और कमजोर व्यक्तियों को अपार दुःख का सामना करना पड़ता है। मानवतावादी सहायताकर्मी इन आपदा प्रभावित समुदायों एवं लोगों को राष्ट्रीयता, सामाजिक समूह, धर्म, लिंग, जाति या किसी अन्य कारक के आधार पर भेदभाव के बिना जीवन बचाने में सहायता और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रदान करने का प्रयास करते हैं। वे सभी संस्कृतियों, विचारधाराओं और पृष्ठभूमि को प्रतिबिंबित करते हैं और मानवतावाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से वे एकजुट हो जाते हैं। इस तरह की मानवतावादी सहायता मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वतंत्रता सहित कई संस्थापक सिद्धांतों पर आधारित है। मार्टिन लूथर किंग ने इसकी उपयोगिता को उजागर करते हुए कहा कि यह प्यार और स्नेह है, जो हमारी दुनिया और हमारी सभ्यता को बचाएगा। आज अनुभव किया जा रहा है कि देश एवं दुनिया विकृतियों की शूली पर चढ़ा है। नैतिक मूल्यों के आधार पर ही मनुष्य उच्चता का अनुभव कर सकता है और मानवीय प्रकाश पा सकता है। मानव एकता का प्रकाश सार्वकालिक, सार्वदेशिक, और सार्वजनिक है।

इस प्रकाश का जितनी व्यापकता से विस्तार होगा, मानव समाज का उतना ही भला होगा। इसके लिए तात्कालिक और बहुकालिक योजनाओं का निर्माण कर उनकी क्रियान्विति से प्रतिबद्ध रहना जरूरी है।

यही विश्व मानव एकता दिवस मनाने को सार्थक बना सकता है।

पूस की सुबह और भारत जोड़ो यात्रा

शकील अख्तर

व्यापारी आमतौर पर भाजपा समर्थक होता है। नहीं भी होता तो खुलकर उसके खिलाफ नहीं बोलता। मगर यह राहुल की यात्रा की बड़ी कामयाबी है कि व्यापारियों में से भी डर खत्म हुआ है। वे अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कह रहे थे छोटा व्यापार खत्म हो जाएगा। नौकरी पहले ही खत्म कर दी हैं। जमीन हमारे पास है नहीं। बच्चे करेंगे क्या? भारत जोड़ो यात्रा का सौवां दिन। शुक्रवार, 16 दिसंबर। जगह दौसा, राजस्थान। समय सुबह के ठीक छह बजे। खूब अंधेरा और उससे ज्यादा ठिठुरन भरी तेज सर्दी। जैकेट, मफलर में भी कंपकंपाहट और राहुल गांधी सड़क पर आ गए। अपनी उसी सफेद हाफ टी शर्ट में। एक हाथ पेंट की जेब जरूर था। मगर दूसरा लोगों की तरफ हिलाते हुए। उस सर्दी में सुबह पांच बजे से लोग यात्रा में शामिल होने, राहुल से मिलने, राहुल को देखने के लिए इकठ्ठा होना शुरू हो गए थे। सड़क के किनारे जगह-जगह लोगों ने अलाव जला लिए थे। लेकिन जैसे ही राहुल करीब आना शुरू होते थे। लोग अलाव छोड़कर उनके साथ भागते थे। राहुल चलते हैं। मगर साथ के लोगों को भागना पड़ता है। राहुल ने बहुत जोर देकर कहा कि मेरी गांधीजी से तुलना मत कीजिए। गांधीजी बहुत महान थे। सच कहा। मगर चलने के मामले में बताना पड़ेगा कि गांधीजी भी बहुत तेज चलते थे। लंबे-लंबे डग भरते हुए। यह सीखा या सिखाया नहीं जा सकता। बचपन का ही स्वभाव होता है। लंबे कदम रखना। उस दिन राहुल ने करीब छह, साढ़े छह घंटे में 26 किलोमीटर की यात्रा पूरी की थी। जिसमें से करीब आधी दूरी हमने भी पैदल चल कर पूरी की थी। बाकी आधी इसलिए नहीं की हमें बीच-बीच में अपनी पत्रकारिता का काम भी करना होता था। मोबाइल से फोटो खींचना। कुछ नया हो तो उसकी जानकारी ट्वीट करके देना। लोगों से बात करना और फोन आने पर सबको बताना कि क्या हो रहा है। कैसा माहौल है और राहुल के साथ कौन चल रहा है। नेता मित्रों की दिलचस्पी सबसे ज्यादा इसी में होती थी कि अभी कौन राहुल के साथ है? उसे कितना रिस्पांस मिल रहा है? तो बता रहे थे अलाव की बात। सर्दी में उत्तर भारत के लोगों को इससे प्रिय और क्या है! राजस्थान में वैसे भी बहुत सर्दी पड़ती है। और उस समय तापमान था 6 डिग्री सेल्सियस। उस समय अलाव को छोड़ने से बड़ी हिम्मत की बात कोई और नहीं हो सकती। मगर यह यात्रा का आकर्षण था, राहुल की कामयाबी कि लोग अलाव छोड़-छोड़ कर उनके साथ भाग रहे थे। एकदम सूना अलाव। हमने इससे पहले कभी नहीं देखा। बारात आने पर भी चार महिलाएं आग तापना छोड़कर उसे देखने भागती थीं। मगर दो फिर भी बैठीं आग तापती रहती थीं। पूस की सर्दी में ही आग और उसकी गर्माहट ने हल्कू की पूरी फसल चरवा दी थी। अभी पूस ही चल रहा है और इसमें पूस की सुबह हमने कई सूने अलाव देखे। उनका फोटो भी खींचकर उसी समय ट्वीटर पर डाला था। प्रेमचंद की पूस की रात तो कई बार पढ़ी मगर पूस की ऐसी सुबह पहली बार देखी। हम खुद हाथ गर्म करने का लोभ संवरण नहीं कर पा रहे थे। मगर अकेले आग तापना चाहे दो मिनट के लिए ही क्यों न हो बहुत अजीब लग रहा था। और फोटो खींचने के अलावा हम उस आग के पास भी नहीं जा पाए। यात्रा तो वैसे दिन भर बहुत उत्साह और जोश में होती है। मगर सुबह का नजारा ही अलग होता है। सड़क के किनारे कहीं लैम्प पोस्ट जलते हैं। कहीं घुप अंधेरा होता है। तो कहीं पीछे चल रही गाड़ियों की हेड लाइट अचानक कौंध कर जगमगाहट कर देती है। तो कभी बस कैमरों की फ्लश लाइट की रोशनी ही चमकती रहती है। मगर इस अंधियारे, उजारे में साथ बज रहे गीत साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल की आवाज से लेकर बापू के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए की धुन एक अजीब सी शांति और आन्तरिक प्रेरणा भर देती है। बीच-बीच में कहीं -कहीं भारत जोड़ो भारत जोड़ो, नफरत छोड़ो नफरत छोड़ो नारों की आवाज भी आती है। मगर उषाकाल का यह समय साथ चल रहे सब लोगों के लिए खुद से बात करने और आत्म चिंतन का समय लगता है। इस समय लोग आपस में ज्यादा बात नहीं करते। एक धुन में राहुल के साथ चलते चले जाते हैं। हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकालके इस देश को रखना मेरे बच्चों संभालके- गुनगुनाते हुए। यात्रा का सबसे सुंदर समय होता है। उधर सूरज निकलने की तैयारी कर रहा होता है तब तक राहुल दस किलोमीटर की दूरी नाप चुके होते हैं। मगर पारा दस डिग्री पर नहीं आता। वह आठ पर ही अटका होता है। इतने में हमें दिखता है एक और नौजवान हाफ ही सफेद टी शर्ट में। हमने पूछा सर्दी नहीं लग रही? बोला- थोड़ी सी लग रही है। हमने पूछा तो फिर फुल शर्ट, स्वेटर क्यों नहीं पहना कुछ? बोला राहुल जी भी नहीं पहन रहे हैं। जिस सुबह पहनेंगे हम भी पहन लेगें। नाम था- दिलीप मीणा, जयपुर आदर्श नगर का रहने वाला। प्रदेश यात्री है। चार दिसंबर से साथ चल रहा है। हमें नोट करता हुआ देखकर एक धोती कुर्ता जैकेट पहने लंबे प्रभावशाली व्यक्ति पास आकर खड़े हो जाते हैं। हमने कहा कैसा लग रहा है। बोले-पहले हमारा नाम भी नोट कीजिए। हमने कहा बताइए। बोले व्यापार मंडल चाकसू के महामंत्री जगदीश रमन लिखिए। हमने कहा लिख लिया। जब उन्होंने हमारी नोटबुक देख ली, इत्मीनान हो गया तो बोले- यह तो महाकुंभ है। सब में उत्साह का संचार हो गया है। डर निकल गया है। हमारे साथ दस व्यापारी आए हैं। इनमें से तीन भाजपा के भी हैं, इतने ही कांग्रेस के और बाकी का किसी दल से कोई खास लगाव नहीं है। शुद्ध व्यापारी हैं। उन्होंने आवाज लगा-लगाकर सबको बुलाना शुरू किया। मगर हमने कहा आप बताते जाइए। तो बोले कि अभी हम सब बात कर रहे थे कि यह आदमी (राहुल) कर तो गजब काम रहा है। सौ दिन से लगातार चल रहा है। वोट नहीं मांगता। राजनीति की बात नहीं करता। और सबके मुद्दे उठा रहा है। भई हम लोग तो धर्मपरायण लोग हैं। मानते हैं कि भारत भूमि पर समय-समय पर ऐसे लोग पैदा होते रहते हैं जो जनता के दुःख दर्द को समझते हैं। राहुल जी हमें ऐसे ही शुद्ध आत्मा लगे जो सबकी सोचते हैं। जीएसटी पर जैसा वह बोलते हैं। कोई नहीं बोलता। ऐसे ही व्यापार के एकाधिकार पर। हम छोटे व्यापारी खत्म हो जाएंगे। इतने में तीर्थनारायण पीपलीवाल आ गए। बोले- इसी राजस्थान से देश क्या पूरी दुनिया में व्यापारी गए हैं। पैसा भी कमाया, नाम भी कमाया। पीढ़ियों से यही काम हो रहा है।

परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामले

प्रियंका सौरभ

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की एक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड इन इंडिया रिपोर्ट से पता चलता है कि आत्महत्या से छात्रों की मौत की संख्या में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें महाराष्ट्र में सबसे अधिक मौतें हुईं, इसके बाद मध्य प्रदेश और तमिलनाडु का स्थान रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच सालों से छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामलों के पीछे कारणों में बेरोजगारी दर बहुत अधिक है। सिक्किम में, राज्य की लगभग 27% आत्महत्याएँ बेरोजगारी से संबंधित थीं और 21 से 30 वर्ष की आयु के बीच सबसे आम पाई गईं। परीक्षा केंद्रित शिक्षा से भारत में छात्रों की आत्महत्याओं में अंक, अध्ययन और प्रदर्शन के दबाव के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की तुलना करना महत्वपूर्ण कारक हैं। ऐसा क्या है जो छात्रों को आत्महत्या के लिए इतना प्रवृत्त करता है? भारत में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के साथ एक साधारण साक्षात्कार, चाहे वह जेईई, एनईईटी या सीएलएटी हो, यह प्रकट करेगा कि छात्रों के बीच मानसिक संकट का प्रमुख स्रोत उन पर दबाव की असहनीय मात्रा है जो लगभग हर एक द्वारा डाला जाता है। उन कुछ वर्षों की अवधि के दौरान जो हम छात्र एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए अलग रखते हैं, हर शिक्षक, हर रिश्तेदार और हर चाची या चाचा कठिन अध्ययन और एक अच्छे कॉलेज में प्रवेश पाने के महत्व को दोहराते हैं। जबकि छात्र स्कूल से स्नातक होने के बाद क्या करने की आकांक्षा रखता है, या जहां उसकी रुचियां हैं, उसके बारे में सहज पूछताछ की बहुत सराहना की जाती है और यहां तक कि हमें प्रेरित भी करती है, विशेष रूप से कुछ माता-पिता, कई रिश्तेदारों और अधिकांश कोचिंग क्लास के हाथों लगातार होने वाली बहस प्रशिक्षकों का निश्चित रूप से हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इससे यह सवाल उठता है कि छात्रों के दिमाग से दबाव को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है। इस प्रश्न का उत्तर इतना जटिल नहीं है और वास्तव में यह हमारी आंखों के सामने है। प्रवेश परीक्षाओं के व्यावसायीकरण पर अंकुश लगाने के लिए पहला कदम उठाने की जरूरत है। इन सभी परीक्षाओं की अत्यधिक जटिल प्रकृति (सभी नहीं) का अनिवार्य रूप से मतलब है कि उन्हें पास करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में दाखिला दिलाने का सपना पूरा करना होगा, इससे छात्र के लिए एक से अधिक तरीकों से समस्या बढ़ जाती है क्योंकि वह कोचिंग पर माता-पिता द्वारा खर्च किए गए पैसे को चुकाने के लिए अब परीक्षा को पास करने का दबाव बढ़ गया है और उसे कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त दबावों का भी सामना करना पड़ता है। जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक छात्रों में आत्महत्या की दर को रोकने के मामले में कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं देखा जाएगा। सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए, अगर वास्तव में हम सोचते है कि "आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जबरन करियर विकल्प देने से कई छात्र बहुत अधिक मात्रा में दबाव के आगे झुक जाते हैं, खासकर उनके परिवार और शिक्षकों से उनके करियर विकल्पों और पढ़ाई के मामले में। शैक्षिक संस्थानों से समर्थन की कमी के चलते बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटने के लिए सुसज्जित नहीं है और मार्गदर्शन और परामर्श के लिए केंद्रों और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी है। प्रारंभिक पाठ्यक्रमों और तृतीयक शिक्षा की अत्यधिक लागत छात्रों पर बोझ के रूप में कार्य करती है और उन पर जबरदस्त दबाव डालती है।

दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किया गया 'हैप्पीनेस करिकुलम' पारंपरिक शिक्षा पाठ्यक्रम में ध्यान, मूल्य शिक्षा और मानसिक अभ्यास को शामिल करके समग्र शिक्षा पर केंद्रित है। इसे अन्य राज्यों को भी अपनाना चाहिए। भारत में परीक्षा केंद्रित शिक्षा प्रणाली में सुधार करना महत्वपूर्ण है। पाठ्यक्रम को इस तरह से डिजाइन किया जाना चाहिए जो मानसिक व्यायाम और ध्यान के महत्व पर जोर दे। आत्महत्या के जोखिम कारकों को कम करने के लिए शिक्षकों को द्वारपाल के रूप में प्रशिक्षित करना और परीक्षा के नवीन तरीकों को अपनाया जाना चाहिए।

कमाल की बात है

डॉ. सुरेश

अच्छा सब तैयार है! नई वेब सीरिज के निर्देशक ने कैमरा मैने और कलाकार से पूछा। दोनों ने हाँ के प्रत्युत्तर में सिर हिला दिया। निर्देशक के एक्शन कहने के साथ अभिनय शुरू हुआ। कैमरामेन का कैमरा कलाकार पर केंद्रित था और कलाकार का ध्यान संवादों पर। कलाकार अपने अभिनय संवादों में बहते हुए कहने लगाः नमस्कार दर्शकों आज मैं सिखाऊँगा कि हमें किसी का खून करने के लिए तैयारी कैसे करनी चाहिए? होता यूँ है कि कई लोगों के भीतर जुर्म करने का कीड़ा मचलता रहता है। लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जुर्म कैसे करें। मन में रह-रहकर ख्याल आते रहते हैं कि जुर्म करने पर कहीं पकड़े तो नहीं जायेंगे? पकड़े जायेंगे तो पुलिस उनके साथ क्या करेगी? आदि-आदि। निर्देशक ने कैमरामेन से कलाकार को क्लोजर में लेने का निर्देश दिया। कलाकार कैमरे की स्क्रीन पर जूम हो उठा था। कलाकार अपनी धारा प्रवाह में संवाद कहने की जगह उसमें जीने लगा और कहाः तो आज हम आपको चुटकियों में जुर्म चैनल के जरिए अपराध की दुनिया में न केवल प्रवेश करना सिखायेंगे बल्कि उसमें निपुण भी बनायेंगे।ठ तभी वहाँ एक पुलिस अधिकारी आ गया। जब उसे निर्देशक से पता चला कि वह जुर्म की दुनिया में प्रवेश करने और निपुण बनाने के लिए वेब सीरिज बना रहा है तो उसका माथा ठनका।

वह निर्देशक की क्लास लगाने ही वाला था कि निर्देशक बोल पड़ा देखिए साहब! आजकल यूट्यूब पर गलाकाट कांपटीशन चल रहा है।

फटाफट खबरें

लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर एक और हुआ हादसा बाल बाल बचे लोग



अखंड भारत संदेश
बांगरमऊ उन्नाव । थाना बेहटा मुजावर के क्षेत्र गांव जोगीकोट के सामने डाला का एक्सेल टूट गया। फिर चालाक रामसिंह ने डाला को रोड के किनारे खड़ा कर दिया ताकि यातायात चालू रहे। रामसिंह निवासी शीतल गंज बांगरमऊ गल्ला खरीद कर बेचने का काम करता है। औरास क्षेत्र से गल्ला खरीद कर घर वापस आ रहा था। इसी बीच डाला में एक्सेल टूटने से रोड के किनारे खड़ा था और मिस्त्री का इंतजार कर रहा था तभी लखनऊ की तरफ से आ रही स्कार्पियो ने डाला में जोरदार टक्कर मर दी। टक्कर इतनी तेज थी कि डाला लोहे की लगें इंगल को तोड कर बाहर निकल गया। उस समय डाला पर कोई नहीं था नहीं तो कुछ भी हो सकता था। समाचार लिखे जाने तक पुलिस नहीं पहुंची।

कोहरे के कारण एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा क्लीनर की हालत गंभीर ड्राइवर की मौत

अखंड भारत संदेश
उन्नाव बांगरमऊ । लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर कोहरा होने के कारण एक डीसीएम का एक्सीडेंट हो गया। कोहरे की वजह से स्पष्ट न दिखाई पड़ने से चालक बृजेन्द्र का गाड़ी पर से कन्ट्रोल नहीं रहा और गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। डी सी एम पर ग्वालियर से प्लास्टिक पाइप
लादकर लखनऊ जा रहे थे। गाड़ी पलटते ही सारे पाइप बिखर गए यू पी डा की टीम ने रोड साफ करा कर यातायात चालू कराया। उधर चालक क्लीनर को अस्पताल ले जाते समय ड्राइवर की मौत हो गई। क्लीनर की भी हालत गंभीर बनी हुई है।

लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर हुआ भीषण हादसा

अखंड भारत संदेश
उन्नाव बांगरमऊ थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर ग्राम जोगीकोट के सामने स्कूल बस और दूध ले जा रहे डाला के बीच भीषण हादसा हुआ। बस साहिल पब्लिक स्कूल की थी जो बच्चों को छोड़ने जा रही थी। और दूसरी तरफ से रोजाना दूध लेकर जाने वाला डाला आ रहा था। डाला चालक ने यह अनुमान लगाया कि बस साइड में हो जाएगी और बस ड्राइवर ने अनुमान लगाया कि डाला साइड में हो जाएगा। नाहीं बस सडक से उतरी और नाहीं डाला आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें डाला चालक की हालत गंभीर है जिसे बांगरमऊ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है। शुक्र यह रहा कि स्कूल बस में बच्चें सवार थे उनको कोई चोट नहीं आई। पुलिस ने बस व डाला दोनों को कब्जे में ले लिया है। सूत्रों से पता चला है कि डाला चालक की मौत हो चुकी है।

ट्रेन में वेंडर पर ब्लेड से जानलेवा हमला

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। मानिकपुर रेलवे स्टेशन में गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में खाद्य सामग्री बेंच रहे अधिकृत वेंडर पर अनाधिकृत वेंडर ने ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया। वेंडर के गले में ब्लेड लगी। वेंडर ने किसी तरह भागकर जान बचाई। जीआरपी के पहुंचने से पहले हमलावर भाग निकला। जीआरपी ने नामजद मुकदमा दर्जकर घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। वेंडर पर जानलेवा हमला की ये घटना रविवार की रात साढे आठ बजे हुई। बताया गया कि बांदा जिले के जसपुरा थाने के गाजीपुर गांव के दीपेन्द्र सिंह (27) पुत्र ओंकार सिंह टेज्नों में वेंडरी का कार्य करता है। दीपेन्द्र ने बताया कि स्टेशन में अवैध ढंग से वेंडरी का काम करने वाला मानिकपुर निवासी विजय शराब के नशे में धुत होकर आया और उसे सामग्री बेंचने से मना करते हुए गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर उसने जेब से ब्लेड निकालकर उसके गले में हमला बोल दिया। हमला करते ही उसके हटने से गले के ऊपर की हड्डी को चीरती ब्लेड निकल गई। उसने भाग कर जान बचाई और जीआरपी को सूचना दी। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने घायल वेंडर को सीएचसी में भर्ती कराया है। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि नामजद मुकदमा दर्जकर हमलावर की तलाश की जा रही है।

कृषि योग्य भूमि में अवैध ढंग से हो रहा मिट्टी खनन

अखंड भारत संदेश
मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर कस्बे से सटे सरहट गांव में आदिवासियों का बहला-फुसलाकर उनके खेतों से मिट्टी निकालकर बेंची जा रही है। दिव्यांग विद्यालय में नींव भराई को पदुम जायसवाल ने खनिज विभाग से मिट्टी निकालने की अनुमति ली थी। नींव पुराई का कार्य होने के बाद भी पांच हजार रुपये प्रति ट्रक मिट्टी निकालकर लोगों को बेंची जा रही है। सोमवार को ग्रामीणों ने बताया कि इसी तरह से आदिवासियों के खेत खुदते रहेंगे तो सरहट गांव खदान में बदल जायेगा। कृषि योग्य भूमि खत्म होने की कगार में है। पदुम जायसवाल पर पटेलनगर के निवासी राजा पाल की जमीन हडपने का भी आरोप है। इस बाबत पुलिस ने कुछ दिनों पहले उसे पकडा भी था। खुद को विधायक का करीबी बताकर बच गया था। जमीन का बैनामा 50 गुणे 140 का हुआ था, लेकिन कब्जा 50 गुणे 180 पर कर लिया है। आज भी राजा पाल अधिकारियों की चैखट में गुहार लगा रहा है। इस मामले में एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि खनिज अधिकारी को पत्र जारी कर संबंधित के अनुज्ञा पत्र निरस्त कर व जांचकर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिये गये हैं।

पठान का विरोध जारी- शाहरुख एवं दीपिका की पुतला दहन

मथुरा। अभिनेता शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म पठान का विरोध कम होने के बजाय लगातार बढ़ता जा रहा है। अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकताओं ने शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनकी अर्थी यात्रा निकाली और प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की। रविवार को अखिल भारत हिंदू महासभा ने शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म पठान में भगवा रंग के कपड़े पहनकर अश्लील प्रदर्शन कर फिल्माए गए गीत पर अपना विरोध दर्ज कराया और विरोध प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की। फिल्म पठान का विरोध करने के लिए अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता तीर्थ नगरी के हृदय स्थल होली गेट पर इकट्ठा हुए और वहां शाहरुख खान एवं दीपिका पदुकोण की अर्थी बनाई। उसे कंधे पर लादकर चले कार्यकताओं ने रास्ते भर दोनों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

कोतवाली से चन्द कदम की दूरी पर सराफा दुकान में हुई लाखों की चोरी

बगल के घर से दुकान में घुसे थे चोर

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। कर्वी कोतवाली से आधा किमी दूर मुख्य पोस्ट आफिस के सामने हाईवे में स्थित सरार्फा दुकान के बगल के घर से चढकर चोरों ने लाखों रुपये का माल लेकर चम्पत हो गये। दुकान मालिक सवेरे दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि काउंटर व अलमारियों में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। सभी सामान अस्त-व्यस्त पडा था। दुकान के कई दरवाजे टूटे मिले। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने डाग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम के साथ पडताल शुरू कर दी है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने भी घटना स्थल का मुआयना किया।

लाखों की चोरी की जिला मुख्यालय में ये घटना रविवार की रात हुई। बताया गया कि डाकघर के पास रामविशाल सोनी की सरार्फा दुकान है। छोटे भाई विनोद सोनी व अमन सोनी दुकान में बैठते हैं। रविवार रात दुकान बन्द करने के बाद वह बस स्टैण्ड स्थित घर में चले आये। दुकान में कोई नहीं था। रात में अज्ञात चोरों ने बगल के एक मंजिला घर के सहारे ऊपर चढ गये। सरार्फा दुकान की ऊपरी मंजिल में पहुंचकर कई दरवाजे

तोड डाले। इसके बाद दुकान के नीचे पहुंचे। दुकान में काउंटर व अलमारियों में रखे सोने-चांदी के जेवरात ले गये। चोरों ने लोहे की सरिया से तिजोरी को भी तोडने के प्रयास किये। तिजोरी में लगे ऊपरी ताले तो टूट गये, लेकिन लाकर न तोड पाने से उसमें रखे जेवरात बच गये।
सोमवार को सवेरे दुकानदार जब दुकान पहुंचे तो काउंटर से नकद 35 हजार रुपये व सोने-चांदी के जेवर गायब मिले। दुकान का पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था। ऊपर मंजिल में कई दरवाजे टूटे मिले। घटना की सूचना मिलने पर कर्वी कोतवाल एके मिश्रा व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय तथा कुछ देर बाद एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने घटना स्थल का मुआयना किया। डाग स्क्वायड के साथ पहुंची फोरेंसिक टीम ने दुकान के भीतर कुछ नमूने लिए। दुकानदार के मुताबिक चोर दस किलो चांदी के अलावा सोने के काफी जेवरात ले गये हैं। चोरी गये जेवरात की पूरी जानकारी नहीं दे पाये। दुकान में बैठने वाले विनोद सोनी अभी बाहर है। उनके आने पर पूरी सामग्री का पता चलेगा। एएसपी ने कहा कि चोरी का खुलासा करने को टीमें लगा दी गई हैं। जल्द चोर पकडे जायेंगे।

सपा के पूर्व विधायक वीर सिंह गये जेल

वांरट के बाद भी कोर्ट में नहीं हो रहे थे हाजिर

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। दस्यु ददुआ के पुत्र और सदर से सपा के पूर्व विधायक वीर सिंह को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। वह वारंट जारी होने के बाद एससी-एसटी संबंधी एक मामले में कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे।
सोमवार को जब वह दूसरे मामले में अपील में कोर्ट गए तो वहां न्यायाधीश ने उनको कस्टडी में लेकर जेल भेजने का आदेश दे दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनत कुमार मिश्रा ने बताया कि पसियौडा निवासी मोतीलाल बौरिया पुत्र स्व

रामप्रसाद ने आठ जून 2017 में कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वीर सिंह पटेल ने 14 मार्च 2013 को उसके पुत्र को नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो लाख रुपये ठग लिए थे।

बाद में रुपये वापस नहीं किए। 22 अप्रैल 17 को जब वह वीर सिंह के आवास गये तो पैसे की मांग करने पर वह आगबबूला हो गए और गालियां दीं, जातिसूचक शब्द कहते हुए गोली मारने की धमकी दी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि इस संबंध में भुक्तभोगी ने जनता दर्शन में मुख्यमंत्री को प्रार्थनापत्र भी दिया था। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि बार-बार वारंट जारी होने के बाद भी पूर्व विधायक कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे।

सोमवार को पूर्व विधायक एक अन्य मामले में अपील के लिए एससी-एसटी कोर्ट पहुंचे थे, जहां एससी-एसटी कोर्ट के न्यायाधीश दीपनारायण तिवारी ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए कोर्ट मोहर्रिर को वीर सिंह को कस्टडी में लेने का आदेश दिया। इस पर पूर्व विधायक को हिरासत में लेकर जिला जेल भेज दिया गया है।

डीएम, एसपी और एसडीएम ने टारगेट पर लगाया निशाना

बिजनौर। फायरिंग रेंज में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह और चाँदपुर एसडीएम रितु रानी ने टारगेट पर निशाना लगाया। पुलिस के द्वारा हर साल हीमपुर दीपा में स्थित फायरिंग रेंज में वार्षिक फायरिंग का आयोजन किया जाता है। रविवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह, क्षेत्राधिकारी चांदपुर, उप जिलाधिकारी चांदपुर, पुलिस कर्मचारी व राइफल एसोसिएशन के सदस्य द्वारा थाना हीमपुर दीपा क्षेत्रान्तर्गत फायरिंग रेंज पहुंचकर वार्षिक फायरिंग की गई। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने टारगेट पर निशाना लगाया।
इस मौके पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा अपराधियों पर लगाम कसने को लेकर पुलिस के अधिकारियों व जवानों को समय-समय पर निशानेबाजी का अभ्यास कराना जरुरी होता है। उन्होंने कहा कि इसी को लेकर हर वर्ष फायरिंग रेंज में वार्षिक अभ्यास किया जा रहा है। वहीं एसपी दिनेश सिंह ने सम्बन्धिक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि किसी भी कीमत पर जनपद बिजनौर में अपराधियों के मंसूबे को पूरा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला में हाल के दिनों में कई घटनाएं हुई और उस मामले में बिजनौर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेल दिया।

80 हजार रुपए की ठगी का शिकार बनी छात्रा

डी फार्मा के नाम पर फर्जी मार्कशीट थमा दी छात्रा ने पुलिस को शिकायत की

अखंड भारत संदेश
उन्नाव बांगरमऊ । छात्रा के परिजनों ने डी फार्मा के नाम पर 80 हजार रुपए एक विद्यालय में 2020 में फीस के नाम पर जमा किए थे। अब 2022 में छात्रा को डी फार्मा में पास होने की मार्कशीट दे दी। जब छात्रा ने विधायल प्रसासन से यह पूछा कि मार्कसीट तो मुझे दी हैं लेकि मैंने अभी कोई परीक्षा नहीं दी हैं। तो मैं कैसे पास हो गई हूं जिस पर विद्यालय के टीचरों ने गोल मोल जवाब दिया। जिस पर छात्रा व उसके परिजनों को शक हुआ तो उसने नेट पर अपना रोल नंबर चेक किया तो उस पर कुछ भी शो नहीं हुआ। तब वह समझ गई कि यह फर्जी मार्कशीट हैं और उसके साथ धोखाधड़ी की गई हैं। फिर उसने बेहटा मुजावर थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। थाना बेहटा मुजावर के गांव आसायस में मोहिनी पुत्री संजय ने दूर्गा मेडिकल कालेज में 2020 के सत्र में डी फार्मा के लिए 80000 हजार रुपए फीस के नाम



पर जमा किए थे।
छात्रा से बातचीत में बताया कि न ही कोई परीक्षा हुई और न ही कोई प्रैक्टिकल करवाया गया।
स त्र पूरा होने पर पास की मार्कशीट दे दी गई। मार्कसीट पर किसी भी कालेज की मुहर भी नहीं लगी हैं। इंटरनेट पर अनुक्रमांक डालने पर कुछ भी नहीं दिखा रहा है। इसी से मै समझ गई कि मार्कसीट फर्जी है। जिस कालेज में एडमिशन की फीस जमा की थी उसी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।
और ऐसा किसी एक छात्र के साथ नहीं हुआ है इसी गांव की शिल्पी कुशवाहा, पास में ही गांव मटुकरी के नितिन कुमार आदि शामिल है। सभी छात्र छात्राओं ने ऐसे कालेज के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए थाना बेहटा मुजावर में शिकायत दर्ज कराई है। लोग चाहते हैं कि ऐसे कालेज के खिलाफ बड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जो बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

योगी सरकार में सत्ता संरक्षित अपराध हैं चरम पर: अनुज

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने मानिकपुर नगर पंचायत चुनाव बाबत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ हुई बैठक में मंत्रणा की। उन्होंने चुनाव लडने के इच्छुक कार्यकताओं से आवेदन लिए।

सोमवार को सपा जिला कार्यालय में हुई बैठक में सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि योगी सरकार के कुप्रबंधन से व्यापारी लगातार प्रताडित और परेशान हैं, बढती महंगाई से कारोबार मंदा है। जीएसटी और इनकम टैक्स की छापेमारी

व्यापारियों पर कहर बरसा रही है। सपा सरकार की इस नीति का सडक से लेकर सदन तक विरोध जतायेगी। आवश्यकता पडने पर आन्दोलन करेगी। सत्ता संरक्षित अपराध चरम पर हैं। प्रदेश की जनता योगी सरकार से खासी खफा है। इसका प्रभाव आगामी निकाय चुनाव में नजर आयेगा।

बैठक में पूर्व जिला महासचिव निर्भय सिंह उर्फ संतू सिंह, ठा दिनेश सिंह, महासचिव फराज खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख श्यामबिहारी यादव, अजय तिवारी, प्रो इन्द्रभूषण यादव, कमल यादव, रितुराज वर्मा, मदनगोपाल त्रिपाठी, राकेश यादव, जहूर हसन, एजाज हसन, गरुण यादव, सलीम पहलवान, रामप्रसाद वर्मा आदि मौजूद रहे।

जिला बदर को मऊ पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। नगर निकाय चुनाव एवं सर्दी के मौसम में बढते अपराधों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में जिला बदर अपराधी को दबोचा गया है।

सोमवार को मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में कोतवाली के वरिष्ठ दरोगा कमलेश कुमार की टीम ने जिला मजिस्टेज्ट के आदेश का उल्लंघन करने वाले सुलेख उर्फ सुरेश पुत्र सत्यनारायण निषाद निवासी सुहेल को दबोचा है। वह जिला बदर होने के बाद भी थाना क्षेत्र में भ्रमण कर रहा था। पुलिस ने उस पर धारा 10यूपी गुण्डाएक्ट

के तहत मामला दर्जकर चालान किया है। टीम ने दरोगा कमलेश कुमार, सिपाही भानुप्रताप व ज्ञान सिंह शामिल रहे।
इसी क्रम में सरधुआ थाने के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने बलबा, मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी व क्षति पहुंचाने के वांछित शिवलोचन पुत्र रामबालक निवासी सुरजवा पुरवा मजरा भटरी थाना राजापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

नाबालिक छात्रा को बहला फुसलाकर भगाने वाला अपरहणकर्ता गिरफ्तार

कछ्वांरोड। मिजार्मुराद क्षेत्र के एक गांव निवासिनी 14 वषीर्या हाईस्कूल की छात्रा बीते 17 अक्टूबर को पढ़ने के लिए घर से निकली और देर शाम तक घर वापस नही आई तो पिता ने 18 अक्टूबर को मिजार्मुराद थाने में गांव के ही युवक पर पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाकर तहरीर दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ 363/366/376(3) व 3/4(2) पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज करने के बाद अपरहण करता युवक के तलाश में जुट गई थी। थाना प्रभारी मिजार्मुराद राजीव कुमार सिंह ने बताया की मुखबिर की सूचना पर रविवार की सुबह पुलिस टीम के साथ कैंट स्टेशन के बाहर टेक्सी स्टैंड हनुमान मंदिर के पास लड़की को लेकर बैठे अपरहण करता युवक को गिरफ्तार करते हुए किशोरी को बरामद कर लिया।

भाई-बहन के रिश्ते को कलंकित होने से बचाने की गुहार

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। सीतापुर पुलिस चैकी के रामायण मेला के पीछे के निवासी नरेन्द्र पुत्र नन्हू ने अपनी मां के साथ पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि सीतापुर पुलिस चैकी पुलिस व उसकी बुआ-फूफा जबरियां अपनी पुत्री का विवाह उससे करने पर आमादा हैं। पीडित ने कहा कि वह अपनी बहन से कैसे विवाह कर सकता है। हिन्दू समाज अधिनियम भी इसकी इजाजत नहीं देता है।

सोमवार को पीडित ने बताया कि उसके पडोस में रहने वाली उसकी बुआ की पुत्री व फूफा-बुआ आदि उस पर जबरियां पुत्री से विवाह का दबाव बना रहे हैं। तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर पुलिस में झूंठी शिकायतें देकर दुष्कर्म का फर्जी मामला दर्ज कराने का प्रयास किया जा रहा है। सीतापुर पुलिस चैकी पुलिस भी गैरकानूनी ढंग से उसे पकडकर शादी का दबाव बनाने में लगी है।

पीड़ित ने कहा कि पुलिस चैकी प्रभारी ने कुछ कागजों में परिजनों से जबरन हस्ताक्षर करवाकर समझौता पत्र बनाकर कहा है कि कोर्ट में जाकर दोनों लोग शादी कर लेना। इसी बिला पर पुलिस ने उसे रिहा किया है। पीडित ने बताया कि अपनी बहन को पत्नी बनाना उसके लिए कल्पना करना भी पाप है। भाई-बहन के रिश्ते को कलंकित होने से बचाने की पीडित ने गुहार लगाई है।

इज़राइल ने फलस्तीनी कार्यकर्ता को फ्रांस निर्वासित किया

इज़राइल। इज़राइल ने कहा है कि उसने एक फलस्तीनी वकील और सामाजिक कार्यकर्ता को तड़के फ्रांस निर्वासित कर दिया (भेज दिया) और दावा किया कि उसका प्रतिबंधित उग्रवादी समूह से रिश्ता है। हालांकि फ्रांस की सरकार ने इज़राइली सरकार के कदम पर ऐतराज़ जताया है। सामाजिक कार्यकर्ता सलाह हम्मोरी का निष्कासन पूर्वी यरुशलम में फलस्तनियों की खराब हालत को दर्शाता है। इस क्षेत्र पर इज़राइल ने कब्जा कर लिया था और अपने मुल्क से जोड़ लिया है। इसमें रहने वाले फलस्तनियों के पास सिर्फ निवास का अधिकार है न कि नागरिकता है।हम्मोरी के निष्कासन से फ्रांस के साथ कूटनीतिक विवाद को खड़ा हो सकता है। फ्रांस ने इज़राइल से कई बार गुजारिश की थी कि वह हम्मोरी को निर्वासित नहीं करे। इज़राइल के गृह मंत्री आयलेट शेक्ड ने एक वीडियो में कहा, ÷मुझे यह ऐलान करते हुए

खुशी हो रही है कि आज इंसाफ कर दिया गया और आतंकवादी सलाह हम्मोरी को इज़राइल से निर्वासित कर दिया गया है।'

हम्मोरी का जन्म यरुशलम में हुआ था, लेकिन उनके पास फ्रांस की नागरिकता है। इज़राइल का कहना है कि हम्मोरी 'पॉपुलर फ्रंट फॉर लिबरेशन ऑफ फलस्तीन' (पीएफएलपी) के कार्यकर्ता हैं। इज़राइल ने इस समूह को प्रतिबंधित किया हुआ है ओर वह उसे आतंकवादी संगठन बताता है। हम्मोरी 'अदमीर' के लिए बतौर वकील काम कर चुके हैं। अदमीर एक ऐसा अधिकारवादी संगठन है जो उन फलस्तीनी कैदियों की मदद करता है जिन्हें इज़राइल ने पीएफएलपी के साथ कथित रिश्तों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। हम्मोरी को एक प्रतिष्ठित यहूदी धर्मगुरु की हत्या की कथित साज़िश रचने के मामले में दोषी ठहराया गया था। वह सात साल तक जेल में बंद रहे थे लेकिन 2011 में हमास के साथ कैदियों की अदला बदली के तहत उन्हें रिहा कर दिया गया था।

पोप फ्रांसिस ने स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते त्यागपत्र लिखा था

फ्रांसिस । पोप फ्रांसिस ने प्रकाशित एक साक्षात्कार में खुलासा किया है कि 2013 में पोप चुने जाने के ठीक बाद उन्होंने त्यागपत्र लिखा था ताकि स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के कारण अपने कर्तव्य के निर्वहन में बाधा आने की स्थिति में वह पद छोड़ सकें। स्पेन के अखबार 'एबीसी' से फ्रांसिस ने कहा कि उन्होंने कार्डिनल तारकिसियो बर्टोन को यह नोट दिया था, जो उस समय वेटिकन के 'सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' थे। पोप ने कहा कि वह मानते हैं कि वर्तमान में वेटिकन के नंबर 2 की भूमिका में कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन के पास यह लिखित निर्देश मौजूद है।वेटिकन का 'सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' आम तौर पर राजनीतिक और कूटनीतिक

दायित्वों का निर्वहन करने वाले व्यक्ति को कहा जाता है। पोप फ्रांसिस 86 वर्ष के हो गए। उन्होंने 2021 में आंत से जुड़ी समस्या के लिए सर्जरी कराई थी। घुटने के दर्द से परेशानी के कारण महीनों तक उन्हें व्हीलचेयर का इस्तेमाल करते देखा गया था। हालिया दिनों में उन्होंने सार्वजनिक रूप से घूमने के लिए व्हीलचेयर के बजाय बेंत का इस्तेमाल किया। पोप ने कहा, ''मैंने पहले ही अपने त्यागपत्र पर हस्ताक्षर कर दिया है।'' उन्होंने कार्डिनल बर्टोन को भेजे त्यागपत्र में कहा, ''मैंने इस पर हस्ताक्षर किए हैं, यदि मैं चिकित्सा कारणों से या किसी भी कारण से अस्वस्थ हो जाता हूं, तो यह मेरा इस्तीफा है।'' बर्टोन अक्टूबर 2013 में 'सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' पद से हट गए थे। उस समय फ्रांसिस को पोप बने एक महीना ही हुआ था। फ्रांसिस ने कहा कि उन्हें यकीन है कि बर्टोन ने पत्र को वर्तमान 'सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' पारोलिन को भेज दिया होगा।

इससे पहले फ्रांसिस ने अपने पूर्ववर्ती पोप बेनेडिक्ट सोलहवें की सराहना की थी, क्योंकि उन्होंने बढ़ती उम्र के कारण इस्तीफा देते हुए कहा था कि वह अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर पाएंगे। बेनेडिक्ट पिछले 600 साल में इस्तीफा देने वाले पहले पोप थे। वह वेटिकन में ईसाई मठ में रहते हैं। बेनेडिक्ट के इस्तीफे से फ्रांसिस के पोप बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ था, जो दक्षिण अमेरिका से पहले पोप हैं।

देउबा से मिले प्रचंड, नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की इच्छा जताई : रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र। सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा से मुलाकात की और देश का अगला प्रधानमंत्री बनने की कथित तौर पर इच्छा जताई है। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने सत्तारूढ़ गठबंधन को आगे ले जाने के तौर तरीकों और नयी सरकार के गठन पर चर्चा की। हुई बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को अपना दावा पेश करने के लिए बुलाने पर विचार कर रही हैं।राष्ट्रपति भंडारी के प्रेस विशेषज्ञ टीका ढकाल ने 'द काठमांडू पोस्ट' अखबार को बताया, ÷राष्ट्रपति ने अभी तक कोई विशेष दिन निर्धारित नहीं किया है। हालांकि, वह बहुत जल्द राजनीतिक दलों को दावा पेश करने के लिए बुलाएंगी।' किसी पार्टी या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत के लिए 275 सदस्यीय हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 138 सीट की जरूरत है। लेकिन किसी भी पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में सीट नहीं है। सत्तारूढ़ गठबंधन के पास सीट सदन में बहुमत के आंकड़े के आसपास है, लेकिन अब भी इस बारे में फैसला नहीं हुआ है कि मंत्रिमंडल का नेतृत्व कौन करेगा।

देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस (एनसी) नवंबर में हुए चुनाव में 89 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य सहयोगियों ने मिलकर 47 सीट हासिल की है। इनमें सीपीएन-माओइस्ट सेंटर (32), सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट (10), लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (4) और राष्ट्रीय जनमोर्चा का एक सदस्य है। नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने भी सरकार गठन में नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले पांच दलों के गठबंधन को समर्थन देने की पेशकश की है।

20 नवंबर को हुए चुनाव में आरएसपी 20 सीट के साथ चौथी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। अखबार के मुताबिक, नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता प्रकाश शरण महत ने कहा कि प्रचंड ने प्रधानमंत्री देउबा के साथ बैठक में पांच वर्षीय कार्यकाल के शुरूआती ढाई साल के लिए नेपाली कांग्रेस से प्रधानमंत्री बनने के लिए औपचारिक रूप से समर्थन मांगा। नेपाल में 20 नवंबर को हुए चुनाव से पहले गठबंधन बनाते समय, देउबा और प्रचंड ने कथित तौर पर बारी-बारी से सरकार का नेतृत्व करने के लिए एक समझौता किया था।

महत ने कहा कि यह अधिक स्वाभाविक होगा कि चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी नेपाली कांग्रेस सरकार का नेतृत्व करे। 'हिमालयन टाइम्स' अखबार की खबर के अनुसार, यह पूछे जाने पर कि क्या प्रचंड ने नया प्रधानमंत्री बनने के लिए देउबा से समर्थन मांगा है, सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के नेता नारायण काजी श्रेष्ठ ने कहा कि उन्होंने देउबा से जानना चाहा है कि वह कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं। इस पर, देउबा ने जवाब दिया कि गठबंधन के सभी सहयोगियों को अपने संबंधित संगठनों के भीतर फैसला करना चाहिए। प्रचंड चुनावों से काफी पहले से सार्वजनिक मंचों पर खुद को कार्यपालिका प्रमुख के दावेदार के तौर पर पेश करते रहे हैं। प्रधानमंत्री के एक करीबी सूत्र ने 'द काठमांडू पोस्ट' अखबार को बताया कि छठी बार प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल देउबा ने प्रचंड को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया। पूर्व प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली नीत सीपीएन-यूएमएल और इसके सहयोगी दलों के सदन में 104 सदस्य हैं। कुछ दिन पहले प्रचंड ने कहा था कि अगली सरकार बनाने की कुंजी उनकी पार्टी के पास है।

हवाई एयरलाइन में एयर टर्बुलेंस बढ़ने से मची अफरा-तफरी, 11 यात्री गंभीर रूप से घायल

ह्यूस्टन। फीनिक्स से होनोलूलू जा रही एक हवाईयन एयरलाइंस की फ्लाइट में अचानक से एयर टर्बुलेंस बढ़ने से मची अफरा-तफरी मच गई। इससे फ्लाइट में सवार 36 यात्री घायल हो गए। इसमें 11 यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। यह घटना तब हुई जब फ्लाइट

होनोलूलू से 30 मिनट की दूरी पर थी। होनोलूलू आपातकालीन चिकित्सा सेवा की ओर से कहा गया है कि ग्यारह लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं नौ अन्य की हालत स्थिर है। बताया गया है कि सुबह करीब 11 घटना के बारे में सूचना मिली। एक यात्री कायली रेयेस ने बताया कि उनकी मां को सीट बेल्ट बांधने का भी मौका नहीं मिला और वह ऊपर की छत से जाकर टकरा गईं। बताया गया कि जिस समय यह हादसा हुआ, विमान में 287 यात्री और चालक दल के 10 सदस्य सवार थे। बयान में कहा कि 13 यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों को आगे की चिकित्सीय देखभाल के लिए क्षेत्र के अस्पतालों में ले जाया गया।

ट्यूनीशिया को ईआईबी देगा 22 करोड़ यूरो का कर्ज

ट्यूनिस। यूरोपीय निवेश बैंक (ईआईबी) ने ट्यूनीशिया की खाद्य सुरक्षा और बिजली आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए 22 करोड़ यूरो (23.3करोड़ अमेरिकी डॉलर) के ऋण को मंजूरी दी है। ट्यूनीशिया के अर्थव्यवस्था और योजना मंत्रालय ने यह जानकारी दी । मंत्रालय के मुताबिक राजधानी ट्यूनिस में अर्थव्यवस्था और योजना के ट्यूनीशियाई मंत्री समीर सैयद और ईआईबी में यूरोपीय संघ के पड़ोसी देशों में ऋण संचालन के निदेशक लियोनेल रैपाइल के बीच दो वित्तपोषण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। ट्यूनीशिया में खाद्य सुरक्षा में सुधार के लिए पहले 15 करोड़ यूरो के सौदे पर हस्ताक्षर किए गए थे। रैपाइल ने जोर देकर कहा कि वित्त पोषण समझौता ट्यूनीशिया में जलवायु परिवर्तन और रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के परिणामस्वरूप कच्चे माल की आपूर्ति से संबंधित वैश्विक संकट के कारण खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा। सैयद और रैपाइल ने ट्यूनीशियाई बिजली और गैस कंपनी के एक कार्यक्रम को वित्तपोषित करने के लिए 70 मिलियन यूरो के एक और समझौते पर हस्ताक्षर किए।

एयरटेल ने शिमला में 5जी प्लस सर्विस लांच की

नई दिल्ल। निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने एक और शहर शिमला में 5जी प्लस सर्विस लॉन्च कर दी है। इसके साथ ही एयरटेल की 5जी सर्विस देश के 14 शहरों में उपलब्ध हो गई है। भारती एयरटेल ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि इसके लिए सिम बदलने की जरूरत नहीं होगी। एयरटेल के मौजूदा 4जी सिम 5जी सर्विस उपलब्ध कराने में सक्षम है। कंपनी ने कहा कि वह आने वाले समय में पूरे शहर में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करेगी। फिलहाल 5जी सर्विस मॉल रोड, संजोली, ढली, भट्टा कुफर, रिज और संजोली हेलीपैड क्षेत्र और कुछ अन्य चुनिंदा स्थानों पर चालू है। कंपनी के मुताबिक उपभोक्ताओं के लिए 5जी प्लस सर्विस चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में उपलब्ध होगी। इसके लिए नेटवर्क का निर्माण करना जारी है। कंपनी ने कहा है कि 5जी प्लस सर्विस तेज स्पीड, बेहतर आवाज के अनुभव प्रदान करने का वादा करती है, जो सभी 5जी स्मार्टफोन पर काम करेगी। एयरटेल की 5जी प्लस सर्विस दिल्ली, मुंबई, गुरुग्राम, गुवाहाटी, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, सिलीगुड़ी, नागपुर और वाराणसी में पहले ही शुरू हो चुकी है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

पश्चिमी पाकिस्तान में तालिबानी आतंकियों ने कई लोगों को बनाया बंधक, एक पुलिसकर्मी की मौत, कई घायल

काबुल। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में पाकिस्तानी तालिबान आतंकवादियों ने एक आतंकवाद विरोधी केंद्र पर कब्जा कर लिया और कुछ लोगों को बंधक बना लिया, जिसमें कम से कम एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

आतंकियों ने पुलिस से छीने एके -47 और बरसा दीं गोलियां

कैंटोनमेंट के अंदर काउंटर-टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) पुलिस स्टेशन में गिरफ्तार किए गए और पूछताछ किए जा रहे आतंकवादियों में से एक ने पुलिस से एक एके -47

छीन लिया और गोलियां चला दीं। इसके बाद उन्होंने इमारत में बंद अन्य संदिग्धों को रिहा कर दिया जिन्होंने परिसर पर नियंत्रण कर लिया था। उन्होंने कई पुलिसकर्मियों को भी बंधक बना लिया।

घटना के 17 घंटे बाद भी स्थिति तनावपूर्ण

घटना के 17 घंटे बाद भी स्थिति तनावपूर्ण है क्योंकि सैन्य अभियान जारी है। गोलीबारी में मारे गए एक पुलिसकर्मी के शव को बन्नू के एक स्थानीय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री अकरम खान दुर्रानी और मौजूदा प्रांतीय मंत्री मलिक शाह मुहम्मद उग्रवादियों के साथ बातचीत शुरू करने के लिए बन्नू पहुंचे हैं।

दुर्रानी और मुहम्मद दोनों बन्नू के रहने वाले हैं। उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों से उन्हें सुरक्षित अफगानिस्तान पहुंचने के लिए एक हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने की मांग की है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) बन्नू मोहम्मद इकबाल ने कहा कि बाहर से कोई हमला नहीं हुआ और पूछताछ के दौरान आतंकवादियों में से एक ने पुलिस से राइफल छीन ली और इमारत में तैनात गार्ड को बेअसर कर दिया।

थाईलैंड की नौसेना का पोत समुद्र में डूबा, 75 को बचाया, 31 अब भी लापता

थाईलैंड। थाईलैंड की नौसेना का एक जहाज समुद्र में डूब गया। उस पर 100 से ज्यादा लोग सवार थे। 75 लोगों को निकाल लिया गया है, जबकि 31 अब भी लापता बताए गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रविवार शाम को थाईलैंड की खाड़ी में चली तेज हवाओं व समुद्री लहरों के चलते रॉयल थाई नौसेना का पोत एचटीएमएस सुखोथाई कार्वेट डूब गया। राहत व बचाव के लिए जहाज और हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया है। सूचना मिलते ही रॉयल नैवी ने तीन पोतों व दो हेलीकॉप्टरों को मोबाइल पंपिंग मशीनों के साथ जहाज का पानी निकालने के लिए भेजा था, लेकिन तेज हवाओं के कारण वे इसमें विफल रहे। जहाज की विद्युत प्रणाली ठप होने से उसमें तेजी से पानी भरने लगा। इसके कारण वह डूब गया।



यह हादसा उस वक्त हुआ जब यह युद्धपोत प्रचुआप खीरी खान प्रांत में बंगसफान जिले में घाट से 32 किलोमीटर दूर समुद्र में गश्त पर था। दक्षिणी थाईलैंड हाल के दिनों में तूफान और बाढ़ का सामना कर रहा है। इसे देखते हुए जहाजों को तट पर रहने की चेतावनी दी गई थी। नौसेना ने कहा कि सोमवार सुबह तक 75 सवारों को बचा लिया गया, लेकिन 31 अब भी पानी में हैं।

तोशाखाना मामला- इमरान की बढ़ीं मुश्किलें, अदालत ने सभी प्रधानमंत्रियों को मिले उपहारों का ब्योरा मांगा

लाहौर। लाहौर हाईकोर्ट ने सोमवार को सोमवार केंद्र की शहबाज सरकार को निर्देश दिया है कि वह 1947 के बाद से अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों और राजनयिकों को विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से मिले उपहारों का विवरण 16 जनवरी तक प्रस्तुत करे। पाकिस्तान सरकार का तोशाखाना विभाग तब विवादों में आया, जब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कथित तौर पर 108 मिलियन रुपये में राज्य डिपॉजिटरी से उपहार बेचे। शीर्ष कोर्ट का यह निर्देश तब आया जब जस्टिस असीम हफीज ने एक याचिका पर विचार किया। याचिका में तोशाखाना उपहारों के विवरण के साथ-साथ भुगतान करने के बाद संपत्ति प्राप्त करने वाले व्यक्तियों/अधिकारियों के बारे में जानकारी सार्वजनिक करने के लिए अदालती आदेश की मांग की गई थी।

तोशाखान को 1974 में

स्थापित किया गया था। यह कैबिनेट डिविजन के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक विभाग है, जो अन्य सरकारों और देशों के प्रमुखों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए कीमती उपहारों को संग्रहीत करता है। सुनवाई के दौरान सरकार के वकील शेराज जका ने तर्क दिया कि तोशाखाना से संबंधित विवरण गोपनीय हैं और उन्हें सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है। अदालत ने पूछा कि विवरण का खुलासा कैसे नहीं किया जा सकता है।

जज ने निर्देश दिया है कि अदालत को विवरण जमा करें और अदालत तय करेगी कि उन्हें वर्गीकृत किया गया है या नहीं। उन्होंने 16 जनवरी तक केंद्र सरकार से रिपोर्ट मांगी है।

विजेता डेविड बीसले संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के प्रमुख इस्तीफा देंगे

रोम। नोबेल पुरस्कार जीतने वाले संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक डेविड बीसले ने कहा कि वह दुनिया के सबसे बड़े मानवीय संगठन का छह साल तक नेतृत्व करने के बाद इस्तीफा देंगे। कार्यक्रम को दो साल पहले शांति के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य बीसले 1995 से 1999 तक साउथ कैरोलाइना के गवर्नर रह चुके हैं। एक बयान में बीसले ने कहा कि वह अप्रैल 2023 में अपना कार्यकाल समाप्त होने पर पद से इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा, '' इस पद पर काम करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा आनंद और सबसे ज्यादा सिरदर्द वाला काम रहा।सरकारों और लोगों की उदारता के कारण हमने लाखों लोगों को भोजन मुहैया कराया, लेकिन वास्तविकता यह है कि हम

सभी को भोजन मुहैया नहीं करा पाए और समृद्ध विश्व में भुखमरी की समस्या बनी हुई है।'' बीसले को 2017 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस पद पर नियुक्त किया था। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने भूख से लड़ने और ऐसे वक्त में ''युद्ध तथा संघर्ष के हथियार'' के रूप में इसके इस्तेमाल को खत्म करने की कवायद के लिए 2020 में नोबेल शांति पुरस्कार जीता था जब कोरोना वायरस संक्रमण ने भुखमरी के हालात और बदतर कर दिए थे।

रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य बीसले 1995 से 1999 तक साउथ कैरोलाइना के गवर्नर रह चुके हैं। एक बयान में बीसले ने कहा कि वह अप्रैल 2023 में अपना कार्यकाल समाप्त होने पर पद से इस्तीफा दे देंगे।

काबुल की सालंग सुरंग में तेल टैंकर में विस्फोट, 19 की मौत, 32 जख्मी



काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल स्थित सालंग सुरंग में रात तेल टैंकर में विस्फोट से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 32 लोग जख्मी हैं। परवान प्रांत के प्रवक्ता सईद हिमतुल्लाह शमीम के मुताबिक सालंग सुरंग में तेल टैंकर में विस्फोट की वजह से कम से कम 19 लोगों की जान चली गई। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी हैं। पीड़ित मलबे में फंसे हुए हैं और हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। यह फिलहाल साफ नहीं हो सका है कि घटना की वजह क्या थी। यह विस्फोट रात करीब साढ़े 08 बजे हुआ। स्थानीय अधिकारी डॉ. अब्दुल्लाह अफगान के मुताबिक परवान के स्वास्थ्य विभाग को अब तक 14 शव मिले हैं और 24 लोग जख्मी हैं। मृतकों में पांच महिलाएं और दो बच्चे हैं, बाकी पुरुष हैं। लोक निर्माण मंत्रालय के प्रवक्ता मौलवी हमीदुल्लाह मिस्बाह ने बताया कि आग बुझा दी गई है और सुरंग को साफ करने के लिए दल अब भी काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सालंग सुरंग देश के उत्तरी हिस्से को दक्षिण से जोड़ता है। इसका निर्माण 1960 के दशक में सोवियत संघ को हमला करने में मदद करने के लिए किया गया था।